


दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-31 अंक-01 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) मंगलवार 04 फरवरी 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

# कुंभ भगदड़ पर विपक्ष का हंगामा, लोकसभा में गरमाई बहस



नई दिल्ली,(ए)। संसद में बजट सत्र के तीसरे दिन कुंभ मेले में हुई भगदड़ को लेकर विपक्षी दलों ने जोरदार हंगामा किया। विपक्ष ने इस मुद्दे पर तत्काल चर्चा की मांग की, लेकिन सत्ता पक्ष ने इसे स्वीकार करने से इनकार कर दिया, जिससे लोकसभा में तनावपूर्ण माहौल बन गया।

सदन में हंगामा कर रहे विपक्षी दलों के सदस्यों का कहना है कि कुंभ में हुई भगदड़ के कारण कई श्रद्धालुओं की जान गई है, जिस पर चर्चा होनी चाहिए और सरकार को इस पर जवाब देना चाहिए। कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के सांसदों ने सरकार से इस पर विस्तृत चर्चा की मांग की है। हालांकि, सत्ता पक्ष ने इसे टालने की कोशिश की, जिससे सदन में शोरगुल के साथ ही हंगामा शुरु हो गया।

### मनरेगा भुगतान पर भी विपक्ष आक्रामक

तमिलनाडु में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत मजदूरी बकाया राशि जारी न होने को लेकर भी विपक्ष हमलावर दिखा। कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने कार्यस्थगन प्रस्ताव पेश करते हुए सरकार से 1,056 करोड़ रुपये जारी करने की मांग की। उन्होंने दावा किया कि इस देरी से 91 लाख श्रमिक प्रभावित हुए हैं।

यहां बताते चलें कि बजट सत्र जो कि 31 जनवरी को शुरू हुआ था, यह 4 अप्रैल तक चलेगा। इस दौरान कई अहम विधेयकों पर चर्चा और निर्णय होने की उम्मीद है।



नर्मदापुरम्। नर्मदा जंयती के अवसर पर आकर्षक मनमोहक सुदंर दृष्य सेठानी घाट का।

## नेहरु के समय कुंभ में 800 लोगों की मृत्यु हुई थी, राज्यसभा में पीयूष गोयल

नई दिल्ली(आरएनएस)। प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के समय आयोजित कुंभ मेले के दौरान 800 से अधिक व्यक्तियों की मृत्यु हुई थी। सोमवार को राज्यसभा में यह बात केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कही। उन्होंने कहा कि जब केंद्र में जवाहरलाल नेहरू की सरकार थी, उस समय कुंभ मेले का आयोजन हुआ था और तब मौनी अमावस्या के दिन कुंभ मेले में 800 से अधिक लोगों की मृत्यु हुई थी। पीयूष गोयल ने कहा कि केंद्र में यूपीए सरकार के समय 57 फीसदी अधिक किसानों ने आत्महत्या की थी। नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे वरिष्ठ राजनेता हैं, लेकिन हम उनसे यह उम्मीद नहीं करते कि वह अंतरराष्ट्रीय पटल पर भारत का नाम खराब करें। नेता प्रतिपक्ष ने पूरी तरह से गलत आंकड़ों को बताया है।मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा था कि यह अमृत काल है या विष काल है। बीते 10 साल में एक लाख किसानों ने आत्महत्या की है। इसके जवाब में पीयूष गोयल ने नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के रिकॉर्ड का हवाला देते हुए कहा कि हमारी सरकार के मुकाबले आपकी सरकार में 57 फीसदी अधिक किसानों ने आत्महत्या की थी। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के समय 1986 में आयोजित कुंभ मेले में 200 व्यक्तियों की मृत्यु हुई थी ।



## महाकुंभ में बसंत पंचमी पर शाही स्नान, कड़ी सुरक्षा के बीच करोड़ों ने लगाई डुबकी

प्रयागराज,(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ 2025 के चौथे शाही स्नान पर श्रद्धालुओं का सोमवार को बसंत पंचमी के मौके पर भोर में ही स्नान का क्रम शुरू हो गया। इस बार कड़ी सुरक्षा के बीच अखाड़ों के साधु-संतों और श्रद्धालुओं को स्नान कराया जा रहा है। सुबह 8 बजे तक 35 लाख से अधिक लोगों ने संगम में डुबकी लगाई थी। सोमवार को पूरा दिन 3 से 5 करोड़ श्रद्धालुओं के स्नान करने की संभावना है।मौनी अमावस्या पर मची भगदड़ के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भीड़ संभालने के लिए पुलिस-प्रशासन को और अधिक व्यवस्था करने को कहा है। सभी वीवीआईपी प्रोटोकॉल रद्द हैं।



मुख्यमंत्री योगी खुद सुबह 3:30 बजे से लखनऊ स्थित अपने आवास पर बने वॉर रूम से स्थिति पर नजर रख रहे हैं।पुलिस और अर्धसैनिक बल के कर्मचारी श्रद्धालुओं को एक घाट पर जमा होने से रोक रहे हैं। वे किसी भी घाट पर स्नान के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं।बसंत पंचमी के मौके पर शाही स्नान के लिए भोर होते ही सभी 13 अखाड़ों ने अपने महामंडलेश्वरों के नेतृत्व में त्रिवेणी संगम के घाटों की ओर औपचारिक यात्रा की।अखाड़ों के साधु-संत जुलूस की शक्ल में सुबह 5 बजे संगम घाट तक पहुंच गए। इस दौरान पुलिस की टीम भीड़ को व्यवस्थित कर रही थी।

मुख्यमंत्री ने सभी अधिकारियों को बिना किसी त्रुटि के महाकुंभ संपन्न कराने को कहा है।महाकुंभ 13 जनवरी को पौष पूर्णिमा के शाही स्नान के साथ शुरू हुआ था। इसके बाद 14 को मकर संक्रांति और 29 जनवरी को मौनी अमावस्या पर तीसरा शाही स्नान हुआ।बसंत पंचमी के बाद अगला शाही स्नान 12 फरवरी को माघी पूर्णिमा पर होगा और अंतिम शाही स्नान 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर होगा।महाकुंभ 26 फरवरी को अंतिम शाही स्नान के साथ संपन्न होगा। इसके बाद 2027 में नासिक में और 2028 में उज्जैन में सिंहस्थ कुंभ होगा।

## भारत-रूस रणनीतिक साझेदारी पर नियमित संपर्क का सकारात्मक असर स्पष्ट है: राष्ट्रपति मुर्मू

नई दिल्ली,(आरएनएस)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कहा कि नियमित संपर्कों का सकारात्मक प्रभाव व्यापक भारत-रूस रणनीतिक साझेदारी में स्पष्ट रूप से दिख रहा है। रूस के स्टेट ड्यूमा (रूस की संसद का निचला सदन) के अध्यक्ष व्याचेस्लाव वोलोडिन के नेतृत्व में एक संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति मुर्मू मुलाकात की। इस दौरान राष्ट्रपति ने यह बात कही। राष्ट्रपति भवन की ओर से बैठक के बाद जारी एक बयान में कहा गया, प्रतिनिधिमंडल का भारत में स्वागत करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि जन प्रतिनिधियों के बीच इस तरह के आदान-प्रदान से न केवल सहयोग मजबूत होता है, बल्कि साझेदारी समकालिक और अद्यतन भी बनी रहती है। उन्होंने कहा कि नियमित संपर्कों का सकारात्मक प्रभाव व्यापक भारत-रूस रणनीतिक साझेदारी में भी स्पष्ट है, जो विभिन्न स्तरों पर चल रही बातचीत से महत्वपूर्ण रूप से लाभान्वित हो रही है। राष्ट्रपति ने कहा कि नेतृत्व स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच नियमित बातचीत होती है।



## जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में आतंकी हमला, पूर्व सैनिक के परिवार पर फायरिंग



श्रीनगर,(आरएनएस)। दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में आतंकी हमला हुआ है. रिपोर्ट के मुताबिक, सोमवार को बेहीबाग इलाके में आतंकियों ने एक पूर्व सैनिक, उनकी पत्नी और उनकी बेटी पर करीब से फायरिंग की, जिसमें वे घायल हो गए.एक अधिकारी ने बताया कि घायलों को तुरंत इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया.उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर दी है और हमलावरों की तलाश के लिए तलाशी अभियान शुरू कर दिया है.पुलिस अधिकारी ने बताया कि अज्ञात आतंकवादियों ने आज दोपहर दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में पूर्व सैन्यकर्मी पर गोलीबारी की. इस घटना में पूर्व सैन्यकर्मी, उनकी पत्नी और बेटी घायल हो गए. उन्हें तुरंत इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया. बाद में उन्हें आगे के इलाज के लिए अनंतनाग के सरकारी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया।

अधिकारी ने बताया कि पीड़ितों की पहचान मंजूर अहमद वागे पुत्र गुलाम हसन वागे और उनकी पत्नी आइना के रूप में हुई है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव हरदा जिले को देंगे 316.20 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात

### नर्मदा तट पर घाट निर्माण कार्य का करेंगे लोकार्पण

भोपाल ( निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंगलवार 4 फरवरी को हरदा जिले की टिमरनी तहसील के ग्राम छिपानेर स्थित चिचोटकुटी में 316 करोड़ 20 लाख रूपये के निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन करेंगे। इनमें 130.32 करोड़ रूपये लागत 21 कार्यों का भूमि पूजन और 185.87 करोड़ रूपये लागत के 97 कार्यों का लोकार्पण किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ग्राम चिचोटकुटी में नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण द्वारा नर्मदा नदी के तट पर 11.07 करोड़ रूपये लागत से बनवाये गये घाट निर्माण का लोकार्पण भी करेंगे। कार्यक्रम में जिले के प्रभारी और सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग भी उपस्थित रहेंगे।




## दिल्ली में प्रचार खत्म, 5 फरवरी को मतदान, 8 फरवरी को घोषित किए जाएंगे नतीजे

### -एग्जिट पोल पर निर्वाचन आयोग ने जारी की गाइडलाइंस

नईदिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए सोमवार को शाम छह बजे चुनाव प्रचार खत्म हो गया. 5 फरवरी को वोटिंग होगी और नतीजे 8 फरवरी को घोषित किए जाएंगे. चुनाव प्रचार के आखिरी दिन राजनीतक दलों ने दिग्गजों ने जनता से संपर्क साधा. 5 फरवरी को दिल्ली के 1.56 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे।



इससे पहले निर्वाचन आयोग ने 5 फरवरी सुबह सात बजे से शाम 6:30 बजे तक एग्जिट पोल पर प्रतिबंध लगा दिया है। इस संबंध में दिल्ली के मुख्य चुनाव अधिकारी कार्यालय ने एक आदेश भी जारी किया है. चुनाव आयोग ने अपने आदेश में कहा, जनसाधारण विशेष रूप से न्यूज ब्यूरो, मीडिया हाउसेज, रेडियो और टेलीविजन चैनलों इत्यादि का ध्यान भारत निर्वाचन आयोग की अधिसूचना संख्या 576/एक्जिट /2025/ एसडीआर/खण्ड-1 दिनांक 22 जनवरी, 2025 की ओर आकर्षित किया जाता है कि प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया या किसी भी अन्य तरीके, जो कोई हो, में एग्जिट पोल, ओपिनियन पोल या किसी अन्य चुनाव सर्वेक्षण के परिणामों पर प्रतिबंध रहेगा।

दिल्ली मुख्य निर्वाचन अधिकारी के मुताबिक, दिल्ली में वोटिंग के लिए 13 हजार 766 पोलिंग बूथ तैयार किए गए हैं. 83.76 लाख पुरुष, 72.36 महिला और 1267 थर्ड जेंडर के मतदाता हैं. 733 पोलिंग बूथ दिव्यांग लोगों के लिए निर्धारित किए गए हैं।




## सपा सांसद जया बच्चन का विवादित बयान, महाकुंभ में नदी में फेंके गए शव, इससे जल हुआ दूषित

नई दिल्ली (आरएनएस)। महाकुंभ भगदड़ मामले में समाजवादी पार्टी की सांसद जया बच्चन ने विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा कि कुंभ में पानी सबसे ज्यादा प्रदूषित है। भगदड़ में मरने वाले लोगों के शव नदी में फेंके गए हैं, इससे पानी दूषित हो गया है। यही पानी वहां लोगों तक पहुंच रहा है, इस पर कोई सफाई नहीं दे रहा है। देश के असली मुद्दों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।उन्?होंने कहा, कुंभ में आने वाले आम लोगों को कोई खास सुविधा नहीं मिल रही है, उनके लिए कोई व्यवस्था नहीं है। वीवीआईपी आते हैं, तो उनको हर सुविधा दी जाती है। लेकिन, आम आदमी की सुविधा का ध्यान नहीं रखा जा रहा है। कुंभ में करोड़ों लोगों के स्नान पर सपा सांसद ने कहा कि वे झूठ बोल रहे हैं कि करोड़ों लोग उस जगह पर आए हैं, किसी भी समय इतनी बड़ी संख्या में लोग कैसे वहां इकट्ठा हो सकते हैं।



## मां नर्मदा जयंती महोत्सव की तैयारियों की प्रशासन ने की मॉकड्रील, कलेक्टर एसपी ने अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

नर्मदापुरम (निप्र)। जिले में मां नर्मदा प्रकटोत्सव का पूर्व वर्षों की तरह इस वर्ष भी भव्य और पूर्ण भक्तिभाव से आयोजन किया जाएगा। दो दिवसीय नर्मदा प्राकटोत्सव 03 एवं 04 फरवरी को किया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम 04 फरवरी की संध्या को जिले के सुप्रसिद्ध सेठानी घाट पर आयोजित किया जाएगा। जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

सोमवार 03 फरवरी को कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना एवं पुलिस अधीक्षक डॉ गुरकरन सिंह की उपस्थिति में संपूर्ण तैयारीयों की मॉकड्रिल की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के हेलीपैड से सर्किट हाउस तक आगमन, सर्किट हाउस से जलपरी से मुख्य कार्यक्रम स्थल सेठानी घाट पर आगमन, जलमंच पर पूजन अभिषेक सहित संपूर्ण कार्यक्रम की तय रुप रेखा अनुसार मॉकड्रिल की गई। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी अपने सौपे गए दायित्वों का गंभीरतापूर्वक क्रियान्वयन करें। किसी भी स्तर पर कोई कमी नहीं रहें यह सुनिश्चित किया जाएं। कार्यक्रम का सुचारू और सफलतापूर्वक संचालन किया जाएं। एमपीईबी कार्यक्रम के दौरान विद्युत की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित कराएं। उन्होंने निर्देशित किया कि नर्मदा प्राकटोत्सव के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां नर्मदा के पूजन के लिए आते हैं। इस दौरान जिले में बेहतर पार्किंग और यातायात व्यवस्था की जाए। कलेक्टर सोनिया मीना ने कहा कि जल मंच पर सूची अनुसार व्यक्तियों को स्थान दिया जाए, जो कि सुरक्षा की दृष्टी से अत्याधिक महत्वपूर्ण है। उन्होनें निर्देशित किया कि जलमंच के लिए पृथक रूप से पास जारी किये जाऐं तथा सुनिश्चित करें कि कोई भी व्यक्ति जलमंच पर बिना पास के अनाधिकृत रूप से प्रवेश न करे। कलेक्टर ने कमांडेंट होमगार्ड को निर्देश दिये है कि जल मंच पर पर्याप्त मात्रा में लाइफ जैकेट की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्हानें निर्देशित किया कि कार्यक्रम के दौरान पर्याप्त रूप से गोताखोर, एसडीआरएफ की टीम उपस्थित रहे साथ ही पायलट बोट एवं पैट्रोलिंग बोट्स भी लगातार रूप से सक्रिय रहे। कलेक्टर ने मुख्य कार्यक्रम स्थल सेठानी घाट पर मोबाइल नेटवर्क की बेहतर कनेक्टीविटी के लिए नेटवर्क बूस्टर स्थपित किये जाने के भी निर्देश मॉकड्रिल के दौरान दिये। उन्हानें कहा कि सभी ड्यूटीरथ अधिकारी वायरलेस के माध्यम से एक दूसरे के संपर्क में रहें। पुलिस अधीक्षक डॉ गुरकरन सिंह ने संपूर्ण कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि विभिन्न सेक्टर पर तैनात बल और अधिकारी सौंपे गए दायित्वों को तत्परतापूर्वक निभाएं। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत एसएस रावत, अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह, एडिशनल एसपी आशुतोष मिश्रा सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें।







# विविध-समाचार

## भीख देने-लेने वालों पर होगी एफआईआर

भोपाल (आरएनएस)। राजधानी भोपाल में अब भीख लेना और देना दोनों ही जुर्म होगा। भीख लेने और देने वाले पर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। निगरानी के लिए जिला प्रशासन चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद लेगा। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने कहा, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत इस संबंध में आदेश भी जारी कर रहे हैं। कलेक्टर ने बताया, सोमवार को सभी एसडीएम से कार्रवाई करने को कहा है। भिक्षावृत्ति करने वालों के लिए भिक्षु गृह बनाएंगे। नगर निगम के एक रैन बसेरा में अस्थायी तौर पर भिक्षु गृह बनाने का प्लान है। जहां खाने-पीने और रुकने की व्यवस्था करेंगे।

## बसंत पंचमी पर बच्चों ने मोर पंख से लिखा ओम

भोपाल (आरएनएस)। बसंत पंचमी के पावन अवसर पर सुभाष कॉलोनी स्थित मां भवानी शिव हनुमान मंदिर में विशेष विद्यारंभ समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पंडित अनिल दुबे ने विधिवत रूप से मां सरस्वती का पूजन किया।इस अवसर पर नए शैक्षणिक सत्र में प्रवेश करने वाले छोटे बच्चों का विशेष विद्यारंभ संस्कार किया गया। परंपरागत रीति के अनुसार, बच्चों की दिव्या (स्लेट) पर मोर पंख से ओम का लेखन कराया गया। इसके बाद बच्चों को अक्षर ज्ञान कराया गया और उन्हें शिक्षण सामग्री प्रदान की गई। कार्यक्रम में बच्चों से कॉपी पर भी ओम लिखवाया गया।समारोह में प्रसाद के रूप में खिचड़ी का वितरण किया गया। यह आयोजन विद्या की देवी मां सरस्वती के प्रति श्रद्धा और नई शिक्षा की शुरुआत का प्रतीक बना। कार्यक्रम में पंडित राकेश चतुर्वेदी, श्रीकांत शर्मा, प्रेम नारायण कपूर, राम रतन बघेल, धीरेंद्र सिंह चौहान, दिनेश धाकड़, ओंकार साहू, मनोज ठाकुर और पायल पटेल सहित बड़ी संख्या में कॉलोनीवासी उपस्थित रहे।

## परिचित युवक ने महिला से की छेड़खानी

भोपाल (आरएनएस)। ऐशबाग इलाके में एक महिला के साथ उसके परिचित युवक ने छेड़खानी कर दी। पुलिस ने बताया कि, 27 वर्षीय महिला घरेलू काम करती है। वह पहले जिस मकान में रहती थी, वहां सुजीत नामक युवक से पहचान थी। इस दौरान दोनों का घर आना-जाना था। बाद में महिला ने अपनी घर बदल लिया था। पिछले साल नवंबर महीने में सुजीत ने महिला के साथ अभद्रता की तो उसने उसे समझाईश दी थी। उसके बाद सुजीत ने आगे कोई हरकत नहीं की।पिछले दिनों महिला अपने मासूम बच्चे को लेकर आंगनबाड़ी जा रही थी, तभी रास्ते में सुजीत ने उसके साथ अश्लील हरकत कर दी। समझाईश के बाद भी जब उसकी हरकतें बंद नहीं हुई तो पीड़िता ने थाने जाकर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करवा दी। पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है।

## शहर में दर्शनीय स्वच्छता बनाने हेतु स्वच्छता सबंधी कार्यों की सूक्ष्मता से मॉनीटरिंग सुनिश्चित करें

भोपाल (आरएनएस)। निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन ने स्वच्छ सर्वेक्षण के मापदण्डों अनुसार साफ-सफाई व्यवस्था को और अधिक बेहतर ढंग से सुनिष्चित कराने के दृष्टिगत शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण कर समक्ष में एवं वी.सी.के माध्यम से निर्देषित किया कि संपूर्ण शहर में दर्शनीय स्वच्छता बनाने हेतु साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दें और स्वच्छता संबंधी कार्यों की सूक्ष्मता से मॉनीटरिंग भी करें। निगम आयुक्त नारायन ने कचरे की ढ़ेरियां तत्काल उठवाने, सेंट्रल वर्ज, साईड वर्ज व हरित क्षेत्रों से कचरा, पन्नी उठवाने और सड़कों, सार्वजनिक क्षेत्रों पर गंदगी फैलाने वालों पर सख्ती से स्पॉट फाईन की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त के निर्देश पर निगम अमले ने लिंक रोड नंबर 03 पंचशील नगर स्थित शराब की दुकान पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही करते हुए 20 हजार रुपये की राशि वसूल की।निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन ने सोमवार को लिंक रोड नंबर 03, भदभदा रातीबड मार्ग, सूरज नगर सहित अनेक क्षेत्रों में साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और साफ-सफाई व्यवस्था को बनाने हेतु समक्ष में तथा वी.सी. के माध्यम से आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निगम आयुक्त नारायन ने निर्देशित किया कि सम्पूर्ण शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को और अधिक बेहतर ढंग से सुनिश्चित कराएं तथा स्वच्छता संबंधी सभी कार्यों की सूक्ष्मता से मॉनीटरिंग की जाए ताकि दर्शनीय स्वच्छता दृष्टिगोचर हो सके। निगम आयुक्त नारायन ने सड़कों, सार्वजनिक सड़कों की सफाई उपरांत कचरा तत्काल उठवाएं और कहीं भी कचरे की ढ़ेरियां नजर नहीं आए। निगम आयुक्त नारायन ने सूरज नगर मार्ग, भदभदा-रातीबड़ मार्ग आदि के साईड वर्ज एवं ग्रीन बेल्ट से कचरा, पन्नी तत्काल उठवाने, सड़कों पर गंदगी फैलाने वाले लिंक रोड नंबर 03 पंचशील नगर स्थित शराब दुकान संचालक के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए।निगम आयुक्त नारायन ने शहर के सभी मुख्य मार्गों से स्वतंत्र विचरण करने वाले पशुओं को पकड़वाने के निर्देश दिए साथ ही भदभदा बांध एवं तालाब की बेहतर ढंग से साफ-सफाई कराने हेतु भी निर्देशित किया।

## शहर में दर्शनीय स्वच्छता बनाने हेतु स्वच्छता सबंधी कार्यों की सूक्ष्मता से मॉनीटरिंग सुनिश्चित करें

भोपाल (आरएनएस)। निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन ने स्वच्छ सर्वेक्षण के मापदण्डों अनुसार साफ-सफाई व्यवस्था को और अधिक बेहतर ढंग से सुनिष्चित कराने के दृष्टिगत शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण कर समक्ष में एवं वी.सी.के माध्यम से निर्देषित किया कि संपूर्ण शहर में दर्शनीय स्वच्छता बनाने हेतु साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दें और स्वच्छता संबंधी कार्यों की सूक्ष्मता से मॉनीटरिंग भी करें। निगम आयुक्त नारायन ने कचरे की ढ़ेरियां तत्काल उठवाने, सेंट्रल वर्ज, साईड वर्ज व हरित क्षेत्रों से कचरा, पन्नी उठवाने और सड़कों, सार्वजनिक क्षेत्रों पर गंदगी फैलाने वालों पर सख्ती से स्पॉट फाईन की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त के निर्देश पर निगम अमले ने लिंक रोड नंबर 03 पंचशील नगर स्थित शराब की दुकान पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही करते हुए 20 हजार रुपये की राशि वसूल की।निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन ने सोमवार को लिंक रोड नंबर 03, भदभदा रातीबड मार्ग, सूरज नगर सहित अनेक क्षेत्रों में साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और साफ-सफाई व्यवस्था को बनाने हेतु समक्ष में तथा वी.सी. के माध्यम से आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निगम आयुक्त नारायन ने निर्देशित किया कि सम्पूर्ण शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को और अधिक बेहतर ढंग से सुनिश्चित कराएं तथा स्वच्छता संबंधी सभी कार्यों की सूक्ष्मता से मॉनीटरिंग की जाए ताकि दर्शनीय स्वच्छता दृष्टिगोचर हो सके। निगम आयुक्त नारायन ने सड़कों, सार्वजनिक सड़कों की सफाई उपरांत कचरा तत्काल उठवाएं और कहीं भी कचरे की ढ़ेरियां नजर नहीं आए। निगम आयुक्त नारायन ने सूरज नगर मार्ग, भदभदा-रातीबड़ मार्ग आदि के साईड वर्ज एवं ग्रीन बेल्ट से कचरा, पन्नी तत्काल उठवाने, सड़कों पर गंदगी फैलाने वाले लिंक रोड नंबर 03 पंचशील नगर स्थित शराब दुकान संचालक के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त नारायन ने शहर के सभी मुख्य मार्गों से स्वतंत्र विचरण करने वाले पशुओं को पकड़वाने के निर्देश दिए साथ ही भदभदा बांध एवं तालाब की बेहतर ढंग से साफ-सफाई कराने हेतु भी निर्देशित किया।

# भारतीय ज्ञान परम्परा के विभिन्न आयामों पर शोध में शासन के साथ समाज को भी योगदान देना होगा : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## सम्पूर्ण विश्व विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए भारत की ओर आशा की दृष्टि से देख रहा है

भोपाल( निप्र) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ऋषि स्वरूप व्यक्तित्व के श्री दत्तोपंत ठेंगड़ी ने दीपक के समान स्वयं जलकर विचारों का प्रकाश समाज को प्रदान किया। कृषि, श्रमिकों की स्थिति और स्वदेशी के क्षेत्र में उनका विचार उज्जवल नक्षत्र के समान हैं, जो समाज को निरंतर मार्गदर्शन प्रदान करते रहेंगे। विद्यार्थी परिषद के संस्थापक सदस्य के रूप में भी उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही। वे हिंदुत्व को राष्ट्रीयता से आगे विश्व बंधुत्व के रूप में देखते थे। उनका मानना था कि चराचर जगत में हिंदुत्व के विचार का विस्तार मनुष्य, समाज, राष्ट्र और मानवता तक है। वर्तमान समय में उनके विचार अधिक समसामयिक हो जाते हैं, सम्पूर्ण विश्व विभिन्न समस्याओं में मार्गदर्शन और उनके समाधान के लिए भारत की ओर आशा की दृष्टि से देख रहा है। भारत अपनी यह भूमिका प्राचीन भारतीय ज्ञान परम्परा के आधार पर ही निभा सकता है। इस परिप्रेक्ष्य में भारतीय ज्ञान परम्परा के विभिन्न आयामों पर शोध की आवश्यकता अधिक बढ़ जाती है, शोध के क्षेत्र में शासन के साथ-साथ समाज को भी योगदान देना होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान के नवीन परिसर भवन के भूमि-पूजन और कार्य आरंभ के अवसर पर संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में विचारक एवं लेखक सुरेश सोनी सारस्वत अतिथि के रूप में उपस्थित थे।



### शोध संस्थान की वार्षिक स्मारिका संकेत रेखा का हुआ विमोचन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव बसंतोत्सव के अवसर पर लिंक रोड नंबर तीन पर आयोजित कार्यक्रम में बाबा महाकाल के चित्र पर माल्यार्पण कर भूमि-पूजन एवं कार्य आरंभ में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भूमि-पूजन स्थल पर पौधा भी रोपा।

उन्होंने मंचीय कार्यक्रम में दीप प्रज्ज्वलित कर मां सरस्वती तथा श्रद्धेय दत्तोपंत ठेंगडी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान की वार्षिक स्मारिका संकेत रेखा का विमोचन किया। इसके साथ ही संस्थान द्वारा दिनांक 01 से 03 मार्च 2025 तक आयोजित नेशनल रिसर्चर्स मीट के पोस्टर का भी विमोचन किया।

### ज्ञान की ऊर्जा और सामर्थ्य का उपयोग समाज हित में करना जरूरी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ऐतिहासिक रूप से भारत में विद्यमान गुरूकुल और विश्वविद्यालय भारतीय समाज के ज्ञान सामर्थ्य को अभिव्यक्त करते हैं। जीवन के प्रत्येक पल का उपयोग व्यक्ति समाज हित में कर पाए, यही भारतीय संस्कृति के अनुसार, जीते जी मोक्ष प्राप्ति की भावना है। भारतीय विचार, व्यक्ति को संघर्ष के स्थान पर प्रेम और बंधुत्व के लिए प्रेरित करते हैं। जनजातीय समाज सहित भारतीयता के विभिन्न पहलुओं पर समग्रता में शोध के लिए दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान जैसी पहल की अत्यधिक आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लागू नई शिक्षा नीति पुस्तकीय ज्ञान के स्थान पर व्यवहारिक अनुभूति को अधिक महत्व देती है। इसका उपयोग करते हुए मानवता के हित और लाभ सुनिश्चित करने वाले शोध की ओर अग्रसर होना होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बसंत पंचमी के अवसर पर ज्ञान की देवी माँ सरस्वती के पूजन के साथ हुआ दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान का भूमि-पूजन ज्ञान की ऊर्जा और सामर्थ्य का उपयोग समाज हित में करने का मार्ग प्रशस्त करेगा।



प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने संसद भवन नई दिल्ली स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की

## गंदगी फैलाने पर पंचशील नगर स्थित वाइन शॉप पर लगाया ताला, 20 हजार का किया स्पॉट फाईन

भोपाल।(आरएनएस) ।नगर निगम, भोपाल द्वारा शहर को और स्वच्छ बनाने के लिए निरंतर स्वच्छता संबंधी कार्यवाही तीव्र गति से की जा रही है साथ ही स्वच्छता की कई स्तरों पर मानीटरिंग भी की जा रही है। इसके साथ ही स्वच्छता में बाधा उत्पन्न करने और वातावरण को दूषित करने वालों के विरूद्ध नगर निगम द्वारा निरंतर सख्त कार्यवाही की जा रही है। निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायण द्वारा सोमवार को निरीक्षण के दौरान लिंक रोड नं. 03 पंचशील नगर स्थित वाइन शॉप द्वारा गंदगी फैलाने पर सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए गए जिस पर निगम के अपर आयुक्त स्वास्थ्य ने अपने सामने लिंक रोड नं. 03 पंचशील नगर वाइन शॉप पर ताला लगवाने की कार्यवाही की तदुपरांत वाइन शॉप पर 20 हजार रूपये के स्पॉट फाईन की राशि जमा कराई ।नगर निगम, भोपाल द्वारा शहर को और स्वच्छ बनाने के लिए निरंतर स्वच्छता संबंधी कार्यवाही तीव्र गति से की जा रही है साथ ही स्वच्छता की कई स्तरों पर मानीटरिंग भी की जा रही है।

## मंत्रालय में हुआ राष्ट्र-गीत "वंदे-मातरम" एवं राष्ट्र-गान "जन-गण-मन" का सामूहिक गायन



भोपाल (निप्र) । फरवरी माह के प्रथम शासकीय कार्य दिवस पर मंत्रालय स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्क में राष्ट्र-गीत वंदे-मातरम एवं राष्ट्र-गान जन-गण-मन का सामूहिक गायन हुआ। इस अवसर पर पुलिस बैंड ने मधुर धुनें प्रस्तुत की। वंदेमातरम गायन मे पशुपालन एवं डेयरी विभाग, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन सिहं पटेल, मुख्य सचिव, अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव अजीत केसरी, अशोक बर्णवाल, प्रमुख सचिव राघवेन्द्र कुमार सिंह सहित सतपुड़ा-विंध्याचल भवन के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# कैंसर की समय पर पहचान समुचित उपचार के लिये अहम : उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

## कैंसर देखभाल में क्रांति लाने के लिए विशेष बजट प्रावधान

भोपाल ( निप्र)। विश्व कैंसर दिवस (4 फरवरी) के अवसर पर उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि कैंसर जैसे गंभीर रोग की समय पर पहचान समुचित उपचार के लिये अहम है। प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वस्थ भारत विज़न से प्रेरणा लेते हुए निरंतर प्रयासरत है। हर नागरिक को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ और किफायती रूप से मिल सकें। इसी दिशा में राज्य और केंद्र सरकार ने कैंसर उपचार के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में प्रस्तुत केंद्रीय बजट में कैंसर देखभाल के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। कैंसर की दवाओं को सुलभ और सस्ती दर में उपलब्ध कराने के प्रावधान हैं। इसके अलावा, हर जि़ले में कैंसर देखभाल केंद्र स्थापित करने की महत्वाकांक्षी योजना का ऐलान किया गया है, जिससे कैंसर डायग्नोसिस और उपचार की सुविधा ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के लोगों को मिल सकेगी। राज्य सरकार भी इन केंद्रों को स्थापित करने के लिए प्राथमिकता दे रही है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रदेश में कैंसर की रोकथाम और उपचार के लिए व्यापक कदम उठाए गए हैं। आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सिविल डिस्पेंसरी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और सिविल अस्पतालों में सर्वाइकल कैंसर की वीआईए जांच नि:शुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। इस जांच को प्रत्येक पांच वर्ष में कम से कम एक बार करवाना आवश्यक है। जिला अस्पतालों में बायोप्सी सैंपलिंग और मेडिसिन कीमोथेरेपी की सुविधा भी प्रदान की जा रही है।उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का विकेंद्रीकरण सुनिश्चित करते हुए कैंसर के इलाज को मेडिकल कॉलेजों और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान जैसी संस्थाओं में सुलभ बनाया गया है। पहले जहां कैंसर का उपचार केवल निजी अस्पतालों में ही उपलब्ध था, अब राज्य के विभिन्न जिलों में, सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में उन्नत कैंसर उपचार सुविधाएं उपलब्ध हैं।उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि आशा कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर कैंसर सहित असंचारी रोगों की पहचान के लिए सीबैक फॉर्म भरवाए गए हैं। जिसके आधार पर एनसीडी पोर्टल के माध्यम से मरीजों का उपचार एवं फॉलो-अप सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि डायबिटीज, हाईपरटेंशन और कैंसर जैसे असंचारी रोगों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है।

## सरकार क्यों छुपा रही है कुंभ में मृतकों की संख्या : जीतू पटवारी

भोपाल (आरएनएस)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने आज जारी अपने बयान में कहा कि प्रयागराज में चल रहे कुंभ मेले में अव्यवस्थाओं और लचर कानून व्यवस्था के चलते सरकार की लापरवाही से मची भगदड़ से सैकड़ों लोगों की मौत और हजारों लोग घायल हुये हैं, लेकिन सरकार इस हादसे से पल्ला झाड़ने के लिए महज 30 लोगों की मौत बता रही है, सरकार सच्चाई पर पर्दा डालकर इस वीभत्स हादसे पर लीपापोती करने में लगी हुई है।जीतू पटवारी ने कुंभ मेले में मध्यप्रदेश के लोगों की हुई मौतों पर मप्र सरकार के मुखिया डॉ. मोहन यादव की चुप्पी पर निशाना साधते हुये कहा कि सरकार मौतों का आंकड़ा क्यों छुपा रहीं है। कुंभ मेले में कितने लोग मध्यप्रदेश के मरे हैं, सरकार को इसका खुलासा करना चाहिए।पटवारी ने कहा कि जानकारी के मुताबिक प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर हुई भगदड़ में सैकड़ों लोगों की मौत हो गई है। प्रशासन का कहना है कि अखाड़ा मार्ग में भीड़ बढ़ने के कारण यह हादसा हुआ। इससे वहां आसपास नीचे सोए श्रद्धालुओं पर अन्य लोग चढ़ गए। उन्होंने कहा कि जब यह हादसा हुआ तक इतने बड़े आयोजन में व्यवस्थाओं के नाम पर 8 हजार करोड़ से अधिक की राशि खर्च की गई।



## अंशकालीन एवं ग्राम पंचायत कर्मियों की वेतन वृद्धि को लेकर कमलनाथ ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

भोपाल(आरएनएस)। अंशकालीन एवं ग्राम पंचायत कर्मी लंबे समय से वेतनवृद्धि सहित अन्य मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं। वहीं पुनरीक्षित न्यूनतम वेतन की वैधानिक रूकावटें दूर हो जाने के बाद भी आदेश निकालने में हो रही देरी को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने मुख्यमंत्री मोहन यादव को पत्र लिखकर एरियर सहित न्यूनतम वेतन भुगतान के आदेश जारी करने एवं अंशकालीन तथा ग्राम पंचायतों के चौकीदार, भृत्य पंप आपरेटर्स के वेतन बढाए जाने हेतु लिखा है। पत्र के माध्यम से मप्र कांग्रेस आउटसोर्स प्रकोष्ठ के अध्यक्ष वासुदेव शर्मा द्वारा इन वर्गों के लिये की गई मांगों का ज्ञापन भी मुख्यमंत्री को प्रेषित किया गया है। कमलनाथ ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि सरकार श्रमिकों को तत्काल एरिया सहित न्यूनतम वेतन का भुगतान करने के आदेश जारी करें साथ ही अंशकालीन कर्मचारी और ग्राम पंचायत में कार्यरत चौकीदार, भृत्त और पंप ऑपरेटर के वेतन में भी वृद्धि करे। अंशकालीन ग्राम पंचायत कर्मचारी संयुक्त मोर्चा द्वारा सौंपे ज्ञापन में आउटसोर्स और अस्थाई कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर कहा है कि यह राज्य के हजारों कर्मचारियों की आजीविका से जुड़ा मामला है, जिन्हें लंबे समय से वेतन वृद्धि का इंतजार है। सरकारी एवं गैर सरकारी क्षेत्र के 35 लाख से अधिक श्रमिक कर्मचारी के न्यूनतम वेतन में मार्च-अप्रैल 2024 में वृद्धि की गई थी, जिस पर कंपनी मालिकों ने न्यायालय में स्टे ले लिया था।

## जिला अध्यक्ष रविंद्र यती का युवा मोर्चा अनुसूचित जाति मोर्चा ने किया भव्य स्वागत



भोपाल (निप्र)। आज भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय (अटल भवन ) में भारतीय जनता युवा मोर्चा एवं अनुसूचित जाति मोर्चा भोपाल की परिचात्मक बैठक संपन्न हुई। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोज राठौर,जिला मंत्री भर्षित दीक्षित,युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अजय पाटीदार, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष हरिओम आसेरी पार्षद अरविंद वर्मा पूर्व जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा जसवंत राव, महामंत्री राजू मालवीय, भारतीय जनता युवा मोर्चा महामंत्री दिव्य ऋषि तिवारी, महामंत्री अजय साहू, मोर्चा के जिलापदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे।

## शादी का झांसा देकर रिश्तेदार युवक ने तीन माह तक किया दुष्कर्म

भोपाल (ए.)। छोला मंदिर थाना इलाके में रहने वाली एक युवती के साथ उसके रिश्तेदार युवक द्वारा शादी का झांसा देकर तीन महीने तक दुष्कर्म किये जाने का मामला सामने आया है। बीते दिनो आरोपी ने उसके साथ शादी करने से इंकार कर दिया, जिसके बाद मामला पुलिस तक पहुंच गया। थाना पुलिस के अनुसार इलाके में रहने वाली 23 वर्षीय युवती ने अपनी शिकायत में बताया की वह घरेलू काम करती है, वहीं उसकी मॉ निजी अस्पताल में सफाई कर्मचारी है। विदिशा में उसके रिश्ते के मामा लड़का सचिन अहिरवार रहता है। रिश्तेदारी होने के कारण सचिन उसके घर आता-जाता रहता था। आरोप है कि 2 नवंबर साल 2024 को सचिन युवती के घर आया था, उस समय वह घर में अकेली थी, इसका फायदा उठाते हुए उसने जर्बदस्ती उसके साथ शारीरिक संबध बना डाले। बाद में पीड़िता ने उसकी शिकायत करने की धमकी दी तब आरोपी ने उसे शादी का झांसा देते चुप रहने को कहा। उसके झांसे में आकर पीड़िता खामोश रही, इसके बाद आरोपी लगातार उसका शोषण कर रहा था। बीते दिनो पीड़िता को पता चला की सचिन नशे का आदी है। पीड़िता ने उससे नशा छोड़ने और शादी करने की बात कही तब आरोपी ने शादी करने से इंकार कर दिया। इसके बाद थाने पहुंची पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी सचिन अहिरवार के खिलाफ मामला दर्ज उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## शराबी और दो युवतियों में बीच बाजार झाडू से मारपीटः वीडियो वायरल, आरोपी गिरफ्तार

ग्वालियर (आरएनएस)। शहर में शराबी युवक द्वारा बेकसूर को थप्पड़ मारने पर दो युवती और शराबी के बीच झाड़ू से मारपीट हो गई। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मामले की शिकायत युवतियों ने थाने में की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल ग्वालियर के मुरार थाना क्षेत्र के सराफा बाजार स्थित भूरा पंसारी की दुकान के बाहर नशे में धुत शराबी ने दुकान के पास खड़े एक व्यक्ति को थप्पड़ मार दिया। उसकी इस हरकत को देख दो युवतियों ने नशेड़ी द्वारा थप्पड़ मारने का विरोध किया तो उसने युवतियों को गालियां देना शुरू करदी। तभी युवतियों ने दुकान के बाहर रखें झाड़ू को उठाकर शराबी को दे मारा। शराबी ने भी झाड़ू उठाकर युवतियों को पीटा शुरू कर दिया। एक अन्य महिला ने यह सब देख विवाद का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। घटना के बाद दोनों युवतियां शराबी की शिकायत लेकर थाने पहुंची और उसके खिलाफ मामला दर्ज कराया। बताया जाता है कि दोनों युवतियां और शराबी वहीं आसपास दुकान पर काम करने वाले कर्मचारी है।

## कलेक्टर द्वारा समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक ली गई

झाबुआ (ए) । कलेक्टर नेहा मीना द्वारा सोमवार को कलेक्टर सभा कक्ष में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीएम हेल्पलाइन 181 पोर्टल पर दर्ज लंबित शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन अंतर्गत लंबित प्रकरणों को संवेदनशीलता के साथ संतुष्टिपूर्वक बंद कराए और प्रयास करे कि सीएम हेल्पलाइन में जिले की रैंक में सुधार किया जा सके। कलेक्टर ने स्वरोजगार योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना आदि की प्रगति रिपोर्ट देखकर, स्वरोजगार के विभिन्न योजनाओं के तहत जिले वासियों तक लाभ पहुंचाने हेतु लंबित प्रकरणों के तहत कार्यवाही करें एवं प्रत्येक प्रकरण का फॉलोअप करें। इसी के साथ निर्देश दिए कि बैंकों के प्रबंधकों से सामंजस्य स्थापित कर स्वीकृत प्रकरण का समयानुसार वितरण सम्भव हो सके।

## शिवपुरी पब्लिक स्कूल में बसंत पंचमी पर हुई माँ सरस्वती की पूजा अर्चना

शिवपुरी (आरएनएस)। नगर में ख्यातिप्राप्त शिवपुरी पब्लिक स्कूल, शिवपुरी बसंत पंचमी के पावन उपलक्ष्य पर सरस्वती वंदना का आयोजन किया गया, जिसमे माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष शाला की प्रधानाचार्या श्रीमती कीर्ति गाला ने दीप प्रज्वलित कर माँ सरस्वती की पूजा अर्चना की। प्रधानाचार्या ने बसंत पंचमी क्यों मनाई जाती है इसके बारे में सभी को बताया। इस पावन अवसर पर सभी छात्र-छात्राये और शिक्षक पीले रंग के वस्त्रो में शाला में आये थे। इस अवसर पर बच्चों ने मंदिर की सजावट के लिए आने हाथो से सजावट की सामग्रियां बनाई थी जो की बहुत मनमोहक लग रही थी। शाला की प्रतिभान छात्रये मानसी, रूही, आयेशा, अश्वी, स्वरा और पारी माँ सरस्वती की छवि में बहुत आकर्षक लग रही थी। इस कार्यक्रम में अंश, शिवांश, शानवी, तमन्ना, ग्रासिया, शिवन्या और साधना ने कविता एवं भाषण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर बच्चों ने रंग बिरंगी पतंगे और खुले आसमान में उड़ाने का मन लिया, सभी लोगो ने कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दी। शाला के संस्थापक अशोक ठाकुर ने इस पावन अवसर पर सभी लोगो को हार्दिक शुभकामनाये दी।

# शादी के दो दिन बाद ही भागने लगी दुल्हन, दूल्हे ने पकड़ा

उज्जैन (आरएनएस)। गायत्री नगर में रहने वाले युवक ने जलगांव की युवती से चिंतामण मंदिर में शादी की। दो दिन रुकने के बाद युवती सामान समेटकर घर से भागने लगी। उसने परिजन के साथ मिलकर युवती को पकड़ा। पूछताछ की युवती की सच्चाई सामने आ गई। उसे युवक ने चिमनगंज थाना पुलिस के सुपुर्द कर तीन महिलाओं के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

पुलिस ने बताया कि गायत्री नगर आगर रोड़ में रहने वाले 32 वर्षीय अखिलेश पिता रमेशचंद्र पाटीदार के परिजन उसकी शादी के लिए लड़की की तलाश कर रहे थे। इसी बीच उसे पुष्पा सोनी निवासी शाजापुर का मोबाइल नंबर मिला। उसने संपर्क किया तो पुष्पा ने कहा मेरे परिचय में जलगांव की बेबीबाई पाटिल है जो रुपए लेकर शादी कराती है। अखिलेश ने उससे बात करने को कहा। पुष्पा ने एक युवती का फोटो अखिलेश को



दिखाया। उसका नाम सोनाली पाटिल निवासी जलगांव बताया। फोटो देखकर उसे लड़की पसंद आ गई। पुष्पा ने कहा कि लड़की वाले को 3 लाख 50 हजार रुपए देना होंगे। अखिलेश ने दो किश्तों में रुपए दिए।

–दुल्हन ने पुलिस को बताई कहानी

30 जनवरी को सोनाली पाटिल सामान समेटकर घर से भागने की फिराक में थी। उसे अखिलेश और उसके परिजनों ने देख लिया। पकड़ा और सख्ती से पूछताछ की तो सोनाली ने उनके सामने पूरी कहानी बता दी। उसने कहा कि पुष्पा सोनी ने कहा था कि एक-दो दिन घर में रुकने के बाद मौका देखकर भागकर जलगांव आ जाना। मुझे हिस्से के 40 हजार रुपए देना। सोनाली ने यह भी कबूला कि वह पहले से विवाहित है। बेबीबाई उसकी असली मां नहीं है।

–रीति रिवाज के साथ की शादी

पुष्पा सोनी ने रुपए मिलने के बाद 28 जनवरी को बेबीबाई पाटिल और सोनाली को उज्जैन बुलाया। अखिलेश से मुलाकात कराने के बाद सभी लोग चिंतामण मंदिर पहुंचे। यहां रीति रिवाज से अखिलेश व सोनाली की शादी हुई। सोनाली दुल्हन बनकर अखिलेश के घर चली गई। पुष्पा और बेबी अपने घर चले गए। पुलिस ने बताया कि सोनाली, पुष्पा सोनी, बेबीबाई के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया है। सोनाली गिरफ्तार है जिसे आज जेल भेजेंगे। शादी कराने वाली पुष्पा सोनी और नकली मां बेबीबाई की तलाश की जा रही है।

## सीएम हेल्प लाइन के प्रकरणों के निराकरण में विभाग अपनी रैंकिंग सुधारें

### राजस्व प्रकरणों का निराणकरण समय सीमा में करें

इन्दौर (ए.)। कलेक्टर आशीष सिंह ने निर्देश दिये कि जिले के अधिकारी सीएम हेल्पलाइन के तहत दर्ज प्रकरणों के निराकरण को विशेष प्राथमिकता दें। प्रतिदिन आने वाले आवेदनों के तत्काल निराकरण की प्रक्रिया प्रांरभ करें। 50 दिन से अधिक की अवधि के कोई भी प्रकरण लंबित नहीं रहे। सभी विभाग सीएम हेल्प लाइन के प्रकरणों के निराकरण में रैंकिंग सुधार के प्रयास करें। अविवादित सीमांकन , नामांतरण, बटवारा सहित विभिन्न प्रकार के राजस्व प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में सुनिश्चित करें। कलेक्टर आशीष सिंह की अध्यक्षता में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित हुयी। बैठक में नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा, स्मार्ट सिटी के सीइओ दिव्यांक सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन, इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आर.पी.अहिरवार, अपर कलेक्टर श्रीमती ज्योति शर्मा, गौरव बैनल, रोशन राय तथा निशा डामोर सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर आशीष सिंह ने भिक्षावृत्ति मुक्त इंदौर अभियान के तहत नियमित फालोअप के निर्देश दिए। जिले में निर्माण कार्यों में हो रही परेशानियों एवं अतिक्रमण संबंधी बाधाओं को हटाए जाने के निर्देश संबंधित विभागों को दिये। बैठक में नल-जल योजनाओं के चल रहे कार्यों एवं 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रगति की समीक्षा की।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव शासकीय शालाओं के प्रतिभाशाली 7,900 बच्चों को प्रदान करेंगे ई-स्कूटी

इन्दौर (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 5 फरवरी बुधवार को प्रातः 11 बजे भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में शासकीय स्कूलों के प्रतिभाशाली 7,900 बच्चों को निःशुल्क स्कूटी प्रदान करेंगे। कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह एवं जनजातीय कार्य मंत्री कुंवर विजय शाह भी उपस्थित रहेंगे। प्रदेश में संचालित शासकीय हायर सेकण्डरी विद्यालयों में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पाने वाले विद्यार्थी को निःशुल्क ई-स्कूटी प्रदान करने की योजना स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित की जा रही है। योजना में मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल की कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में शासकीय विद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को स्कूटी प्रदान की जाती है। शैक्षणिक सत्र 2023-24 में शासकीय विद्यालय के किसी भी संकाय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले करीब 7 हजार 900 विद्यार्थियों को निःशुल्क ई-स्कूटी वितरित की जायेगी।

## भारत के विकास में महिलाओं का योगदान अहम : मंत्री सुश्री भूरिया

### देश-विदेश की 26 महिला विभूतियाँ हुईं ऊर्जस्विता सम्मान से अलंकृत

झाबुआ (ए.)। महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकास के नये आयाम छू रहा है। इसमें महिलाओं का हर कदम पर योगदान बढ़ता जा रहा है। आत्मनिर्भर भारत बनने के लक्ष्य को हासिल करने के लिये महिलाओं सशक्तिकरण, अनुसंधान और उद्यमिता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। यह न केवल समाज को सशक्त बनाती हैं बल्कि देश को आर्थिक,



सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान देती है। मंत्री सुश्री भूरिया भोपाल में आयोजित अनुनय, एजुकेशन एण्ड वेलफेर सोसायटी की 14वीं वर्षगांठ पर ऊर्जस्विता सम्मान-2025 कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में महिला एवं बाल विकास पर आधारित कई योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हुए हैं। समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिये कई योजनाओं का संचालन और शिक्षा एवं महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में सार्थक प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने विकास में सभी की भागीदारी पर जोर देते हुए कहा कि किसी भी क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिये सिर्फ प्रशासन की नहीं बल्कि हर नागरिक को अपनी भूमिका निभानी होगी।

## सीएम हैल्पलाइन शिकायतों के प्रति उदासीन अधिकारियों पर कलेक्टर श्रीमती चौहान हुईं सख्त

### विभिन्न अधिकारियों को मिलेंगे कारण बताओ नोटिस

ग्वालियर (ए.)। सीएम हैल्पलाइन पोर्टल पर शिकायत के निराकरण के संबंध में आधी-अधूरी जानकारी भरने की प्रवृत्ति पर कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने सख्त नाराजगी जताई है। उन्होंने अंतरविभागीय समन्वय बैठक में सीएम हैल्पलाइन की समीक्षा के दौरान विभिन्न शिकायतकर्ताओं को फोन लगवाकर निराकरण की वस्तुस्थिति जानी। साथ ही जिन अधिकारियों की सीएम हैल्पलाइन के प्रति उदासीनता सामने आई, उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इन अधिकारियों में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सहायक आयुक्त जनजाति कल्याण व वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी डबरा शामिल हैं। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के डिस्ट्रिक्ट एकाउण्ट मैनेजर राकेश गोस्वामी को निलंबन के लिए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य विभाग की सीएम हैल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा के दौरान उन्होंने एक शिकायतकर्ता को फोन लगवाकर उसकी व्यथा सुनी। शिकायतकर्ता का कहना था कि उसने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में एक वाहन किराए से लगाया था। दो साल से ज्यादा वक्त बीत जाने के बावजूद उसका भुगतान नहीं हो रहा है। इसके लिये उसने कई बार दफ्तर के चक्कर लगाए। इस पर कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने नाराजगी व्यक्त की और शिकायत के निराकरण के साथ-साथ डिस्ट्रिक्ट एकाउण्ट मैनेजर के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को हिदायत दी है कि जिस एजेंसी द्वारा आउटसोर्स कर्मचारियों के ईपीएफ का भुगतान नहीं किया जा रहा है, उसे ब्लैक लिस्ट कराएं। साथ ही संबंधित लोगों को भुगतान भी कराया जाए।

### आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग म.प्र. भोपाल द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में दिये गये निर्देश

झाबुआ (ए.)। आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग म.प्र. भोपाल द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में दिये गये निर्देशानुसार समस्त नोडल महाविद्यालय प्राचार्यो की बैठक आहुत की जाकर वर्ष 2022-23 से लेकर 2024-25 तक संस्था स्तर पर लंबित प्रकरण जो कि सत्यापन हेतु लंबित हैं, समस्त लंबित प्रकरणों को पूर्ण किये जाने के स्पष्ट निर्देश दिये गये हैं। वर्ष 2024-25 में छात्रवृत्ति के नवीन एवं नवीनीकरण आवेदनों को विभागीय पोर्टल पर समय-सीमा में अद्यतन करने हेतु पात्र विद्यार्थियों में पर्याप्त प्रचार-प्रसार, दूरभाष से सूचना एवं महाविद्यालयीन सूचना-पटल पर जानकारी चस्पा किये जाने एवं कक्षाओं में भी अध्यापकों के माध्यम से पात्र विद्यार्थियों को निर्धारित समय-सीमा में पोर्टल पर आवेदन करने हेतु निर्देशित किये जाने हेतु अवगत कराया गया।



## बजाज ऑटो की जनवरी में बिक्री सात प्रतिशत बढ़ी




मुंबई (ए)। बजाज ऑटो की जनवरी में निर्यात सहित कुल बिक्री सालाना आधार पर सात प्रतिशत बढ़कर 3,81,040 इकाई रही। बजाज ऑटो लिमिटेड की ओर से जारी बयान के अनुसार कंपनी ने जनवरी 2024 में कुल 3,56,010 वाहनों की बिक्री की थी। मोटर वाहन विनिर्माता की वाणिज्यिक वाहनों सहित कुल घरेलू बिक्री पिछले महीने नौ प्रतिशत घटकर 2,08,359 इकाई रह गई, जो जनवरी 2024 में 2,30,043 इकाई थी। कंपनी ने कहा कि समीक्षाधीन महीने में कुल निर्यात 37 प्रतिशत बढ़कर 1,72,681 वाहन हो गया, जबकि जनवरी 2024 में यह 1,25,967 इकाई रहा था।

# बजट के बाद सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट

**– सोना 82,150 रुपए प्रति 10 ग्राम, चांदी 92,900 रुपए के करीब**

नई दिल्ली (ए.)। आम बजट पेश होने के बाद इस सप्ताह पहले दिन सोमवार को सोने-चांदी के वायदा कारोबार की शुरुआत सुस्त रही। दोनों के वायदा भाव गिरावट के साथ खुले। पिछले महीने सोने के वायदा भाव नए रिकॉर्ड बनाये थे। इस समय सोने के वायदा भाव 82,150 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 92,900 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। सोने के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अप्रैल कॉन्ट्रेक्ट 404 रुपये की गिरावट के साथ 81,900 रुपये के भाव पर खुला। इस समय यह 162 रुपये की गिरावट के साथ 82,142 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 82,284 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 81,862 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। सोने के वायदा भाव ने पिछले महीने 82,600 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत भी सुस्त रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मार्च कॉन्ट्रेक्ट 515 रुपये की गिरावट के साथ 92,699 रुपये पर



खुला। इस समय यह 342 रुपये की गिरावट के साथ 92,872 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 93,391 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 91,725 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। पिछले साल चांदी के वायदा भाव ने 1,00081 रुपये किलो के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। वहीं वैश्विकः बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव में गिरावट देखी जा रही है। कॉमेक्स पर सोना 2,846.50 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,835 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 27.50 डॉलर की गिरावट के साथ 2,807.50 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 32.46 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 32.26 डॉलर था। हालांकि इस समय यह 0.56 डॉलर की गिरावट के साथ 31.70 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

## नए टैक्स रिजीम पर सीबीडीटी चीफ का बड़ा बयान- 90 फीसदी टैक्सपेयर अपनाएं नई व्यवस्था

नई दिल्ली,( आरएनएस)। सीबीडीटी के चेयरमैन रवि अग्रवाल ने कहा कि 90 फीसदी से अधिक व्यक्तिगत करदाताओं को नई कर व्यवस्था को अपनाने के लिए प्रेरित होना चाहिए. बजट में 12 लाख रुपये तक की आय पर कर नहीं लगाने और सभी कर स्लैब में बदलाव की घोषणा से इनको प्रेरित होना चाहिए. जबकि अभी तक यह आंकड़ा 75 फीसदी है।




बजट के बाद अग्रवाल ने कहा कि सरकार और आयकर विभाग का दृष्टिकोण नियमित मानव खुफिया जानकारी जुटाने के सिस्टम के अलावा एआई के बेहतर उपयोग के माध्यम से देश में गैर-हस्तक्षेप कर प्रशासन सुनिश्चित करना है।

सीबीडीटी प्रमुख ने कहा कि एक आम करदाता के लिए अपनी आय की रिपोर्ट करने के लिए उपलब्ध कर प्रक्रियाएं बहुत जटिल नहीं हैं. उन्होंने आसान आईटीआर-1, पहले से भरे आयकर रिटर्न, स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) की स्वचालित गणना आदि का उदाहरण दिया. उन्होंने नई कर व्यवस्था (एनटीआर) का भी हवाला दिया, जिसमें पुरानी व्यवस्था की तरह कोई कटौती या छूट की अनुमति नहीं है, जिसमें करदाता के लिए सरल गणनाएं हैं. जिससे वे किसी पेशेवर की मदद के बिना अपना आईटीआर दाखिल कर सकते हैं।

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) केंद्रीय वित्त मंत्रालय के अधीन आयकर विभाग के लिए प्रशासनिक निकाय है।

# डॉलर के मुकाबले रुपया 67 पैसे गिरा, पहली बार 87 के पार

**– रुपया शुक्रवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 86.62 पर बंद हुआ था**

मुंबई (ए)। रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में डॉलर के मुकाबले 67 पैसे की गिरावट के साथ 87.29 प्रति डॉलर के सर्वकालिक निचले स्तर पर पहुंच गया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कनाडा, मेक्सिको और चीन पर शुल्क लगाने संबंधी आदेश पर हस्ताक्षर करने के बाद व्यापक व्यापार युद्ध की आशंकाओं के बीच स्थानीय मुद्रा में यह भारी गिरावट आई है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा और मैक्सिको पर 25 प्रतिशत तथा चीन पर 10 प्रतिशत शुल्क लगाया है। यह कदम विनाशकारी वैश्विक व्यापार युद्ध की ओर पहला कदम है। उन्होंने बताया कि विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी तथा तेल आयातकों की ओर से डॉलर की निरंतर मांग के कारण विदेशी बाजारों में अमेरिकी मुद्रा की व्यापक मजबूती से रुपये पर दबाव जारी रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 87.00 प्रति डॉलर पर खुला और शुरुआती सौदों के बाद 67 पैसे की गिरावट के साथ डॉलर के मुकाबले 87.29 पर आ गया। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 86.62 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 1.30 प्रतिशत



की बढ़त के साथ 109.77 पर रहा।

गिरता रुपया बढ़ाएगा संकटः डॉलर के मुकाबले रुपये के गिरने से आम आदमी भी प्रभावित होगा। खाद्य तेल और दलहन का बड़ी मात्रा में भारत आयात करता है। डॉलर महंगाई होने से तेल और दाल के लिए अधिक खर्च करने पड़ेंगे जिसका असर इनकी कीमतों पर होगा। ऐसे में इनके महंगा होने से आपके किचन का बजट बिगड़ सकता है। इसके अलावा विदेश में पढ़ाई, यात्रा, दलहन, खाद्य तेल, कच्चा तेल, कंप्यूटर, लैपटॉप, सोना, दवा, रसायन, खाद और भारी मशीन जिसका आयात किया जाता है वह महंगे हो सकते हैं।

## सुधा मूर्ति की सादगी ने सबका दिल छू लिया!

**– 16,000 करोड़ की संपत्ति फिर भी जावेद अख्तर को दिया ऐसा सम्मान**

जयपुर (ए)। बॉलीवुड के मशहूर राइटर और कवि जावेद अख्तर की फैन फॉलोइंग किसी सुपरस्टार से कम नहीं है, लेकिन हाल ही में एक दिलचस्प घटना ने उनकी प्रतिष्ठा को और बढ़ा दिया। जब इन्फोसिस की चेयरमैन सुधा मूर्ति ने जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल के दौरान जावेद अख्तर को देखते ही उनके पैर छू लिए, तो ये चर्चा का विषय बन गया। सुधा मूर्ति एक बिजनेस टायकून और इन्फोसिस के सह-संस्थापक नारायण मूर्ति की पत्नी के सरल और सादगी भरे व्यवहार ने लोगों के दिलों को छू लिया। उनका यह



कृतज्ञ और संस्कारी रवैया उन्हें एक आदर्श बना दिया। इस अद्भुत वाकये को कैमरे में भी दर्ज किया गया और सोशल मीडिया पर ये वीडियो खूब वायरल हुआ। सोशल मीडिया यूजर्स ने भी इस प्रसंग के बारे में अपने विचार व्यक्त किए। एक यूजर ने लिखा, 'हमें हमारी भारतीय संस्कृति पर गर्व है।' एक और यूजर ने भी कहा, 'सुधा मूर्ति जी सच्ची संस्कारी भारतीय हैं और उन्हें एक आदर्श नारी के रूप में देखना चाहिए।' जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल के मंच पर जावेद अख्तर ने अपनी नई किताब 'ज्ञान सीपियां- पर्ल्स ऑफ विजडम' की लॉन्चिंग की।

## मकान, ऑफिस और दुकानों को किराये पर देकर करते हैं कमाई तो अब आपको होगा फायदा

नई दिल्ली,( आरएनएस)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने किराए पर सोर्स पर टैक्स कटौती (टीडीएस) की वार्षिक सीमा 2.40 लाख रुपये से बढ़ाकर 6 लाख रुपये कर दी. वित्त मंत्री ने कहा कि इससे टीडीएस के दायरे में आने वाले लेन-देन की संख्या कम हो जाएगी, जिससे छोटे करदाताओं को लाभ होगा. लेकिन असल में ये छोटे करदाता कौन हैं जिन्हें लाभ मिलेगा?

ये उन सभी लोगों को प्रभावित करता है जो किराया देते हैं और टीडीएस के अधीन हैं. चाहे वह घर का किराया हो या ऑफिस, दुकानों या अन्य संपत्तियों का किराया. किराए पर सलाना टीडीएस सीमा को 2.40 लाख रुपये से बढ़ाकर 6 लाख रुपये करने से कम मूल्य के किराये के लेन-देन में टीडीएस कटौती की आवश्यकता कम होगी. यह मुख्य रूप से उन मकान मालिकों (विशेष रूप से छोटे मकान मालिकों) को लाभान्वित करता है, जिन्हें प्रति वर्ष 6 लाख रुपये से कम किराया मिलता है, क्योंकि किरायेदार अब उस किराए पर टीडीएस नहीं काटेंगे. यह कम किराया देने वाले किरायेदारों को भी लाभान्वित करेगा क्योंकि उन्हें टीडीएस काटने और जमा करने से जुड़े अतिरिक्त कागजी कार्रवाई या अनुपालन कामों को नहीं संभालना पड़ेगा. अगर वार्षिक किराया 6 लाख रुपये से कम है, तो किराए पर टीडीएस अब लागू नहीं होगा।

इसका मतलब यह है कि जहां किराएदारों को दिए जाने वाले किराए पर 20,000 रुपये प्रति माह की दर से टीडीएस काटा जाना था, वहीं अब यह सीमा बढ़ाकर 50,000 रुपये कर दी गई है।

## सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

### अवैध प्रवासियों के निष्कासन की घोषणा

अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने देश से अवैध प्रवासियों के निष्कासन की घोषणा की है।

अगर ट्रंप प्रशासन आप्रवासियों को बाहर निकालने की नीति को लागू करता है तो वह अवैध रूप से रहने वाले भारतीय भी अछूते नहीं रहेंगे। इस संबंध में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अमेरिका में अवैध रूप से रहने वाले भारतीय नागरिकों के बारे में नई दिल्ली के रुख को स्पष्ट करते हुए कहा कि भारत अवैध प्रवास का दृढ़ विरोधी है, क्योंकि जब कुछ अवैध होता है तो कई अन्य अवैध गतिविधियां भी उसमें शामिल हो जाती हैं।

इसलिए भारत अमेरिका समेत विदेशों में अवैध रूप से रह रहे भारतीय नागरिकों की वैध वापसी की वापसी के लिए तैयार है? विदेश मंत्री का यह कथन मौजूदा वैश्विक संदर्भ में एकदम उचित है। भारत में भी ऐसे अनेक उदाहरण मिल जाएंगे जहां लोग अपराध या आतंकवादी गतिविधियों से जुड़े जुड़े रहे हैं, वे आंतरिक सुरक्षा एजेंसियों के दबाव के चलते वैध-अवैध तरीके से बाहर भाग जाते हैं। वहां अपने को प्रताड़ित बताकर वहां के लचीले कानूनों का लाभ उठाकर नागरिक बनने का प्रयास करते हैं।

ऐसे लोग के पास न तो प्रताडऩा के पुख्ता सबूत होते हैं और न वहां पहुंचने का कोई वैध कारण होता है। ये लोग अपने मूल देश में समस्याएं खड़ी करके परिणाम से बचने के लिए अन्य देशों में पहुंचते हैं और वहां के समाज के लिए समस्याएं खड़ी करते हैं। अमेरिका, ब्रिटेन और कनाडा जैसे देश ऐसे लोगों के लिए सुगम शरणस्थली रहे हैं। अमेरिका ने अगर अवैध आप्रवासियों को उनके मूल देश में वापस भेजने का निर्णय लिया है तो यह अकारण नहीं है।

जयशंकर को राजनीतिक और नैतिक दोनों ही तौर पर अमेरिका के इस कदम का समर्थन करना था। भारत स्वयं अवैध और प्रवासियों की समस्याओं से जूझ रहा है जिन्होंने आंतरिक सुरक्षा के लिए गंभीर संकट खड़े कर दिए हैं। भारत भी ऐसे अवैध आप्रवासियों के खिलाफ कदम उठा रहा है। इससे ऐसे लोगों पर लगाम लगेगी जो अपने देश और दूसरे देशों में अपने धत्कर्मों के कारण बोझ बन जाते हैं। लेकिन कुछ लोग रोजगार और व्यवसाय के लिए भी बिना समुचित वैध पपत्रों के पहुंच जाते हैं तो ऐसे लोगों पर विचार किया जाना चाहिए।

### श्री नर्मदा जयंती पर विशेष

# अन्नदा जलदा, प्राणदा नर्मदा मैया से अलग हमारा कोई अस्तित्व नहीं

**पंकज पटेरिया**

'मां नर्मदा हमारी जीवन रेखा है बोले डॉ शर्मा पुण्य सलिला नर्मदा जी हमारी जीवन रेखा है। अन्नदा जलदा,प्राणदा नर्मदा मैया से अलग हमारा कोई अस्तित्व नहीं है। पूर्व विधान सभा अध्यक्ष, विधायक डॉ सीता सरन शर्मा बताते हैं बचपन के सफे पलटते हुए। हम स्नान करके आते थे, माताजी छोटे से गिलास में दूध देती थी और कहती थी जाओ मां को अर्पण करके आओ हम जाते थे और यह कार्य करते थे। मुझे तब और अब सदा महसूस होता है नर्मदा मैया प्रत्यक्ष है। हमारी सुख दुख की साक्षी हैं और उनका वरद हस्त हम सभी उनके बच्चों पर है। अब हमारा दायित्व हम उनकी महान कृपा ऋण से उऋण तो नहीं हो सकतेएअपितु उनके पावन दुग्ध धवल आंचल को अपने प्रयासों से कम से कम निर्मल तो रख सकते हैं। नर्मदा मैया हमारे सभी कार्य कारज की साक्षी रहती है। रेवा का जयंती महोत्सव माघ शुक्ल सप्तमी मकर के सूर्य में मध्यान में विभिन्न मंदिरों में श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया जाता है। नर्मदा मन्दिर के मुख्य अर्चक डा गोपाल प्रसाद खद्दर और आचार्य पंडित नरेश परसाई और पंडित सोमेश परसाई बताते है कि 1978 से सबसे पहले सिद्ध संत ब्रम्हलीन राधे महाराज सहयोगी स्व ज्ञान चंद मस्टे ने चल समा रोह शुरू किया था। मोरछली चोक से नर्मदा जी की शोभा यात्रा शुरू की गई थी। 1982 में जन सह भागी से आयोजन का स्वरूप आकार लेता रहा।। नावो के मंच बनाकर मातारानी की पूजन अभिषेक की परम्परा शुरू हुई। सहस्त्रों प्रज्वलित दीप नर्मदा जी छोड़े जाते।

जल विग्रह में प्रवाहित ये सैकड़ों दीप एक अलौकिक आल्हादकारी परिदृश्य उपस्थित कर देते है। मुझे याद है जब भारत में दूर दर्शन नहीं आया था पश्यिम जर्मनी की टी वी टीम नर्मदा जयंती महोत्सव कवर करने नर्मदापुरम आई थी। मै अपना सौभाग्य मानता हूं जो मुझे टीम को ब्रीफ दे ने का अवसर नर्मदा मां ने दिया था। धीरे धीरे नर्मदा जयंती उत्सव विराट रूप लेता गया ओर इसमें संत महात्माओं के साथ राज नेता शामिल होने लगे। इससे विकास आदि के कामों की भी घोषणा हुईएप्रगति हुई। प्रदूषण मुक्ति घाटो की मरम्मत आदि की दिशा में कुछ महत्व पूर्ण काम हुए। बहुत से अभी होने भी है। बहरहाल मा नर्मदा की महिमा अपरंपार है। और इसके लिए हमारे जन प्रतिनिधि सतत प्रयासरत है। समीक्षक डॉक्टर रघुनंदन प्रसाद सीठा बताते हैं मां के दिव्य रूप की महिमा न्यारी है। हम उनका क्या गान करेंगे। दर्शन मात्र से सारे पाप क्षय



हो जाते है।शिव के दिव्यरूप से प्रगट होने से महेश्वरी गंगा दक्षिणभाग मै स्थित होने से दक्षिण गंगा रूप में वंदनीय है।

मत्स्य पुराण में वर्णित है।नर्मदा पितरों की पुत्री है लिहाजा पावन नर्मदा तट पर किया गया श्राद्ध अक्षय होता है। मां सिद्धेश्वरी है। मोक्ष दाई है। यहां जल राशि में मिलने बाले साधारण कंकड़ को जय शिव शंकर मानकर पूजन की जाती हैएउनकी प्राणप्रतिष्ठा विराजते ही हो जाती। इन्हीं कंकड़ों से आंध प्रदेश में नर्मदेश्वर का भव्य मंदिर बना है।उसके लिए करीब सवा लाख पत्थर नर्मदा जी से एकत्र किए गए थे। अनेक संत महात्माओं दरवेशो ने नर्मदा के चरणों में तपस्या की यहां विद्यमान समाधि याए स्मारक छतरियां इस बात के जीवंत प्रमाण है। प्रख्यात मानस विद प्रभु दयाल रामायनी बताते है भगवान श्री राम के चारु चरणों के पावन स्पर्श से वन गमन के समय पुण्य सलिला नर्मदा क्षेत्र धन्य हुआ। वहीं यक्ष राज कुबेर लंकेश रावण ने भी मेकल सुता तट पर तपस्या की । शोध से यह भी प्रमाणित होगया है नर्मदा जल में अनेक ओषधि तत्व हैएसेवन स्नान से अनेक बीमारियां ठीक होती है। दादा धूनी वाले जी के अनुयाई दादा जी भैया सरकार 4 बरसों से केवल नर्मदा जल मात्र ग्रहण कर नर्मदा जी की परिक्रमा कर रहे है। यह मां नर्मदा की शक्ति ही तो है। बाबई ब्लाक के सूर्य कुंड नामक स्थान पर नर्मदा जी में स्नान करने से विभिन्न चर्म रोग अच्छे हो जाते है। यह भी मान्यता है काल सर्प योग से भी मुक्ति मिलती है। विष्णु पुराण में एक मंत्र भी है।


<u>मंत्र--</u>

**ओम नर्मदा, नम:प्रात: नर्मदाए नमो निधि।**
**नमोस्तुते नर्मदे देवी त्राहिमाम भव सागरत 1**

नर्मदे तुभ्यमए त्राहि मा विष सर्प । कहते है इस मंत्र को अभीमंत्रित कर घर की देहरी पर बांधने सेएनरमदाजी में सूर्यो दय के समय स्नान करने से काल सर्प योग की निवृति हो जाती है। बहरहाल इस साल भी 4 फ़रवरी को नर्मदा जयंती महोत्सव धूम धाम से मनाए जाने की भव्य तैयारी चल रही है। मंदिरों घाटों पर मनोहारी सजावट की गई। नर्मदा जयंती समारोह के अध्यक्ष डॉ सीता सरन शर्मा सांसद दर्शन सिंह चौधरी अन्य नर्मदा अनुरागी लोगों के साथ प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को श्री नर्मदा जयंती महोत्सव के लिए आमंत्रित कर आए हैं। मुख्यमंत्री जी ने सहर्ष इस गरिमा मय समारोह में आने की सहमति दी है। जाहिर है इससे सरल हृदय नर्मदापुर वासियों का उत्साह बड़ा है । वे अपने प्रिय मुख्यमंत्री के आने का पलक पांवड़े बिछा प्रतीक्षा कर रहे हैं। प्रसंग वश अपनी अपनी विनय कविता मां के चरणों मे अर्पित करते नर्मदे हर।

**---- मातु नर्मदे---**

**प्रात स्मरणीय मातु नर्मदे।**
**हृदय वासनी मातु नर्मदे।**
**शोक एदुखएसंताफ हरती**
**सुख वैतरणी मातु नर्मदे।**
**देव विप्रए आर्त जनों की**
**शरणस्थली मातु नर्मदे**
**पतित पावनी मातु नर्मदे**
**मोक्ष दा यनी मातु नर्मदे।**
**हरकंकड़ शिवशंकर है**
**महिमा मई मातु नर्मदे।**
**जीवन मैया पार लगा दो**
**कृपा मई मातु नर्मदे।**
**पद पंकज में जीवन बीते**
**वरदायनी मातु नर्मदे।**



किन्नर अखाड़े की आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेला 2025 के दौरान बसंत पंचमी के अवसर पर गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती नदियों के संगम त्रिवेणी संगम पर पवित्र डुबकी लगाई।

# मध्यम वर्ग के लिए बजटः विकसित भारत 2047 का मार्ग

डॉ. विनोद सेन

केंद्रीय बजट 2025-26 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल का पहला व्यापक बजट है और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत किया गया आठवां बजट है। यह बजट विकसित भारत @2047 के व्यापक लक्ष्य के अनुरूप है, जो राष्ट्रीय आर्थिक परिदृश्य में नई ऊर्जा और आशा का संचार करता है। इसकी वित्तीय रणनीति नवाचार, समावेश और निवेश के सिद्धांतों पर आधारित है। बजट में दस प्रमुख विकास फोकस क्षेत्रों को प्राथमिकता दी गई है, जिनमें कृषि और उत्पादकता, ग्रामीण समृद्धि, समावेशी विकास, विनिर्माण एवं मेक इन इंडिया, एमएसएमई समर्थन, रोजगार सृजन, निवेश और नवाचार, ऊर्जा सुरक्षा, निर्यात संवर्धन और नवाचार को बढ़ावा देना शामिल है।

इन क्षेत्रों में निवेश से राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को दीर्घकालिक स्थिरता और सतत विकास का मार्ग प्रशस्त करने में सहायता मिलेगी। प्रत्येक वर्ष बजट से प्रमुख अपेक्षाओं में से एक आयकर सुधारों से संबंधित होती है, विशेष रूप से वेतनभोगी करदाताओं के लिए। केंद्रीय बजट 2025 में प्रस्तावित नई कर दरें इस प्रकार हैं: 4,00,000 रुपये तक की आय पर कोई कर नहीं; 4,00,001 रुपये से 8,00,000 रुपये तक की आय पर 5 प्रतिशत कर; 8,00,001 रुपये से 12,00,000 रुपये तक की आय पर 10 प्रतिशत कर; 12,00,001 रुपये से 16,00,000 रुपये तक की आय पर 15 प्रतिशत कर; 16,00,001 रुपये से 20,00,000 रुपये तक की आय पर 20 प्रतिशत कर; 20,00,001 रुपये से 24,00,000 रुपये तक की आय पर 25 प्रतिशत कर; और 24,00,000 रुपये से अधिक की आय पर 30 प्रतिशत कर। ये संशोधित कर स्लैब मध्यम आय वर्ग को महत्वपूर्ण राहत प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं, साथ ही अर्थव्यवस्था में उपभोग को बढ़ावा देने के लिए भी। नई कर व्यवस्था कर छूट की सीमा को बढ़ाती है, कर दरों में संशोधन करती है, और करदाताओं की वित्तीय स्थिति को बेहतर बनाने की दिशा में प्रयासरत है। प्रत्यक्ष कराधान के अलावा, कस्टम ड्यूटी के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण सुधार किए गए हैं। विशेष रूप से, जीवनरक्षक दवाओं, जिनमें कैंसर और अन्य गंभीर बीमारियों के उपचार शामिल हैं, पर सीमा शुल्क से छूट दी गई है। यह बजट स्वास्थ्य सेवा की पहुंच को सुधारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके अलावा, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, जैसे एलसीडी और एलईडी टेलीविज़न की कीमतों में कमी आने की संभावना है, जिससे घरेलू उपयोगकर्ताओं को लाभ होगा और घरेलू मांग को प्रोत्साहन मिलेगा। केंद्रीय बजट 2025 में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए क्रेडिट गारंटी का विस्तार किया गया है, जिसमें कवरेज सीमा को 5 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 10 करोड़ रुपये कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त, स्टार्टअप वित्त पोषण की सुविधा के लिए 10,000 करोड़ रुपये का नया कोष आवंटित किया गया है। राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन इस बजट का एक प्रमुख घटक है, जो मेक इन इंडिया पहल के उद्देश्यों को सशक्त करेगा। इसके अलावा, युवाओं की रोजगार क्षमता और तकनीकी विशेषज्ञता को बढ़ाने के लिए पांच राष्ट्रीय कौशल केंद्र स्थापित किए जाएंगे। बजट में लघु उद्योगों (लघु उद्यमों) के लिए वित्तीय सहायता और क्षमता निर्माण उपायों पर विशेष ध्यान दिया गया है। प्रमुख आवंटनों में एमएसएमई वित्त पोषण के लिए 15,000 करोड़ रुपये, उत्पादन-लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) योजना के विस्तार के लिए 10,000 करोड़ रुपये, उन्नत क्रेडिट सहायता के लिए 5,000 करोड़ रुपये, बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 7,000 करोड़ रुपये, तकनीकी उन्नति के लिए 3,500 करोड़ रुपये और कौशल विकास कार्यक्रमों के लिए 2,000 करोड़ रुपये शामिल हैं। ये वित्तीय उपाय लघु उद्योगों के विकास की गति को बढ़ाने, उद्यमिता को प्रोत्साहित करने और रोजगार सृजन में योगदान देने का लक्ष्य रखते हैं।




मेष राशि: आज का दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आज भाई या बहन से आपकी फोन पर बात होगी, जिससे आपको अच्छा लगेगा। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। महिलाएं आज ऑनलाइन नई डिश सीखने की कोशिश करेंगी। पिता का सहयोग आपके साथ रहेगा। लेखकों के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है, उनके लेखन कार्यो की सराहना होगी। साथ ही आज के दिन आप कहानी लिखने की शुरुआत करेंगे। आपको लोगों के साथ मेल-जोल बढ़ाने की जरूरत है।

वृष राशि: आपके लिए आज का दिन शुभ है। आज आप कामकाज निपटाने में बहुत हद तक सफल रहेंगे। अपनी तरफ से हर मामले पर आपको सकारात्मक रहना होगा। आज किसी पुरानी समस्याओं पर दोस्तों से बातचीत होगी, इससे आपको अच्छा समाधान मिलेगा। आपकी सलाह से दूसरों को फायदा होगा। आज आपको नए इनकम सोर्स मिल सकते हैं। कामकाज में आपकी रुचि और बढ़ेगी। आज आपका बिजनेस अच्छा चलेगा। आज आप अपने खर्चे को काम करने का प्लान बनाएंगे। लवमेट आज कहीं घूमने जाने की प्लानिंग करेंगे।

मिथुन राशि: आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आज किसी नए काम को शुरू करने से पहले पूरी योजना बनाएंगे और साथ ही माता-पिता से सलाह लेंगे। आज सरकारी कामों में नीति व नियमों पर पूरा ध्यान देंगे तो आपको काम करने में आसानी होगी। आज आपको किसी मामलों में जल्दबाजी दिखाने से बचना होगा। अपने जरूरी कामों की सूची बनाएंगे, जिससे काम काफी हद तक पूरा करने में सफल रहेंगे। आप की वाणी की सरलता आपको मान-सम्मान दिलाएगी। आज समय से सारी जिम्मेदारियां पूरी करेंगे।

कर्क राशि: आज का दिन आपके लिए आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करें। आज पुरानी देनदारी निपटा सकते हैं। आज जीवनसाथी की भावनाओं को समझने में बहुत हद तक आपको सफलता मिल सकती है। आज परिवार के कामों में आपका पैसा लगेगा। आज अपनी वाणी में मधुरता रखें तो आपके लिए अच्छा है।

सिंह राशि: आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आपके कोर्ट-कचहरी के मामले कुछ समय के लिए रुक सकते है, लेकिन समय रहते सब ठीक होगा। आज आपको किसी दोस्त का सहयोग मिलेगा। परिवार वालों का हंसी-मजाक भरा बरताव घर के वातावरण को और खुशनुमा बनायेगा। प

कन्या राशि: आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आपको किसी के मामलों में दखल देने से बचना चाहिए। किसी बड़े प्रोजेक्ट में पैसा लगाने की सोच रहे हैं तो पहले किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह जरूर ले।

तुला राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छा होने वाला है। आज धार्मिक गतिविधि में शामिल होने के योग बन रहे हैं। आज किसी मामले में दूसरों के साथ बातचीत या सलाह करने से फायदा होगा। जरूरी काम और रिश्ते के बारे में विचार करेंगे और योजना बनाएंगे। परिवार से जुड़ी समस्या खत्म होने के योग हैं। आप नए सिरे से कोशिश करेंगे तो आप सफल हो सकते हैं। आज दूसरों की जरूरतों और भावनाओं को लेकर आप सेंसिटिव हो सकते हैं।

वृश्चिक राशि: आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज रोजमर्रा के कामों में आपको ज्यादा समय लग सकता है। आज आपको कारोबार में पैसा लगाने से पहले बड़ों की राय लेना बेहतर साबित होगा। पिता बच्चों की इच्छाएं पूरी करने की कोशिश करेंगे। इस राशि के जो लोग नया बिजनेस करना चाहते हैं उनके लिए आज मार्केट एनालिसिस करना बेहतर होगा। आज ऑफिस में नई जिम्मेदारी आपको मिलेंगी, जिसे आप बखूबी पूरा करने में सफल रहेंगे। कला के क्षेत्र से जुड़े लोगों को अच्छा मुनाफा होगा।

धनु राशि: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज जो भी काम शुरु करेंगे वे काम समय पर पूरा हो जायेगे। आपको करियर से संबंधित नए अवसर मिलेंगे। नए व्यापार को शुरू करने में बड़े भाई का सहयोग मिलेगा। कॉमर्स के विद्यार्थी आज मार्केटिंग को समझने के लिये शिक्षको की सहायता लेंगे, जो आगे चलकर बेहद काम आयेंगी।

मकर राशि: आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज घर के बड़ो की मदद से आपका जरूरी काम पूरा हो जायेगा। किसी रिश्तेदार से आपको अच्छी खुशखबरी मिलेगी। जीवनसाथी आज आपकी हर बात समझने की कोशिश करेंगे, इससे रिश्ते में नयापन आयेगा। समाजिक कार्यो में सहयोग देने से आपको अच्छा फील होगा। भाई-बहन के साथ घर पर मूवी देखने का प्लान बनाएंगे। आज आपको किसी सम्मानित व्यक्ति से मिलने का मौका मिलेगा।

कुंभ राशि: आज आपका मन नई उमंगों से भरा रहेगा। सभी आपसे राय लेना चाहेगा। ऑफिस के लोगों में आपका रुतबा बनेगा। किसी विशेष व्यक्ति से आज आपकी बात हो सकती है। आपको आर्थिक रूप से लाभ मिलेगा, धन के नये स्रोत प्राप्त होंगे। छोटे बच्चे आज बहुत खुश रहेंगे, वो अपने लिये नया खेल तलाश करेंगे। सेहत पहले से बेहतर बनी रहेगी।

मीन राशि: आज आपका दिन शानदार रहेगा। परिवार के सामने आपको अपनी राय रखने का पूरा मौका मिलेगा, आपकी योजना से लोग काफी प्रभावित होंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आप अपने घर का डेकोरेशन फेस्टिवल के अनुसार करेंगे। आपको अपनी वाणी पर संयम बनाये रखना चाहिए। किसी बात को लेकर ज्यादा जिद्द करने से बचना चाहिए।

# ट्रंप और मोदी की नीतियों में समानताएं अधिक विषमताएं कम

**<u>प्रो. लल्लन प्रसाद</u>**

पिछली सदी में वैश्विकरण पर जोर था। वर्तमान में स्वदेशीकरण पर। दुनिया के अनेक देशों में अपना राष्ट्र, संस्कृति, विरासत, परंपराओं, उत्पाद और अपनी विचारधारा को प्राथमिकता दी जा रही है।

यूरोप के अधिकांश देशों में राष्ट्रवादी पार्टियां, जिनमें बहुत सी हाल में बनाई गई हैं, सत्ता के करीब आ रही हैं। पश्चिम में सबसे अमीर देश अमेरिका और पूर्व में विकासशील भारत, दोनों में राष्ट्रवाद की नई लहर जीवन के हर क्षेत्र में स्वदेशीकरण एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा दे रही है। ट्रंप और मोदी, दोनों की नीतियों में समानताएं अधिक हैं, विषमताएं कम।

ट्रंप अमेरिका पहले' और अमेरिका में उत्पादन' की नीति पर चल रहे हैं, तो मोदी मेक इन इंडिया' की नीति को बढ़ावा देने पर। अनधिकृत अप्रवासियों (माइग्रेंट्स) को दोनों ही देश के लिए खतरा मानते हैं। दोनों विश्व के बड़े जनतांत्रिक देश हैं किंतु अमेरिका में राष्ट्रपति की निर्णय लेने की संवैधानिक शक्ति भारत के प्रधानमंत्री से अधिक हैं। शपथ लेते ही ट्रंप ने अपनी नीतियों के कार्यान्वयन के लिए आदेशों की झड़ी लगा दी, जो भारत के प्रधानमंत्री के लिए संभव नहीं है। यूरोप में राष्ट्रवादी पार्टियां, जिन्हें दक्षिणपंथी कहा जा रहा है, वर्षो से सत्ता में रही पार्टियों को चुनौती दे रही हैं। यह अप्रत्याशित घटना नहीं है। आर्थिक असुरक्षा, बढ़ती बेरोजगारी, नकारात्मक जीडीपी, मुक्त आयात एवं सामाजिक असंतुलन और विद्वेष को जन्म देता अप्रवासी प्रवाह इसकी पृष्ठभूमि में है।

नीदरलैंड के उच्च सदन में सबसे अधिक सीट इस बार दक्षिणपंथी फार्मर सिटीजन मूवमेंट पार्टी ने हासिल कीं। इंग्लैंड में टोरी पार्टी के अग्रणी उम्मीदवारों के साथ-साथ लेबर पार्टी के कुछ बड़े चेहरे भी राष्ट्रवादी विचारधारा को बढ़ाने में लगे हैं। जर्मनी में थोड़ी अवधि को छोड़ कर 2010 के बाद से वामपंथी दलों की स्थिर सरकार नहीं बन पाई। वियना में राष्ट्रवादी फ्रीडम पार्टी का गठन सुर्खियों में रहा। यूरोपीय संघ ने इस पर प्रतिबंध तक लगाए। यूरोपीय संघ की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था इटली का नेतृत्व मेलोनी कर रही हैं, जिन्हें दक्षिणपंथी कहा जा रहा है।

फिनलैंड में द फिंस गठबंधन सरकार में आई जिसका झुकाव राष्ट्रवाद की ओर है। फ्रांस में राष्टपति इमानुएल मैक्रों का प्रतिद्वंद्वी राष्ट्रवादी नेता मरीन ले पेन से कड़ा मुकाबला है। अप्रवासियों और बहुसंस्कृतिवाद की घोर विरोधी स्वीडन डेमोक्रेटिक पार्टी संसद में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है। ग्रीस में दक्षिणपंथी पार्टियों का संगठन सत्ता में आया है। स्पेन में स्थानीय चुनाव में राष्ट्रवादी बॉक्स पार्टी का अच्छा प्रदर्शन रहा। पोलैंड और हंगरी में राष्ट्रवादी पार्टियां पहले से सत्ता में हैं। इस्त्राइल में यहूदी, अरबों को खतरा मानते हैं। अप्रवासन का सबसे अधिक असर फ्रांस, जर्मनी, स्वीडन और ऑस्ट्रिया पर पड़ाहै, जहां पिछले दशकों में मुस्लिम आबादी में खासी वृद्धि हुई है। अधिकांश देशों में शरणार्थी बन कर पहुंचे मुस्लिम अप्रवासियों की संख्या सबसे अधिक है, जिन्हें पहले तो इन देशों ने गले लगाया, उनके लिए कल्याणकारी योजनाएं बनाई, किंतु सामाजिक-धार्मिक संतुलन आशातीत नहीं हो पाया, बढ़ते अपराधों के लिए उन्हें जिम्मेदार ठहराया जा रहा है।

पेरिस स्थित इंस्टीटयूट मोंटेगनेज की यूरोप प्रोग्राम की निदेशक जार्जिना राइट का मानना है कि राष्ट्रवादी पार्टियों का यूरोप में जागरण मुख्यधारा की राजनीति से लोगों की नाराजगी है, जिनके पास इन मुद्दों का जवाब नहीं है- खुली सीमा बॉर्डर और राष्ट्रीय पहचान, पारंपरिक मूल्यों में गिरावट, वैंकरण का विरोध और बेहतर भविष्य की गारंटी एवं सरकारों का नागरिकों की सुरक्षा और जिंदगी बेहतर बनाने वाले निर्देशों पर नियंतण्रका अभाव। अधिकांश यूरोपीय देश अप्रवासन की कड़ी नीति अपना सकते हैं। भारत सहित अन्य विकासशील एवं एशिया, अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका के गरीब देशों के लोगों का पश्चिम के विकसित देशों में अवैध रूप से जाना और कठिन हो जाएगा। अमेरिका में सबसे अधिक अवैध अप्रवासी उसके पड़ोसी देशों मैक्सिको, वेनेजुएला और ग्वाटेमाला से हैं। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार भारत से 18,000 के अवैध प्रवासी अमेरिका में हैं।

अवैध अप्रवासन की समस्या से भारत पहले ही जूझ रहा है। 1970 के दशक में बांग्लादेश बनने के बाद से बांग्लादेशियों की घुसपैठ अब तक जारी है। 2007 में भारत के तत्कालीन गृह राज्य मंत्री ने कहा था कि देश में 1.2 करोड़ अवैध बांग्लादेशी हैं। 2014 में सीबीआइ के एक पूर्व डायरेक्टर के अनुसार इनकी संख्या 5 करोड़ से ऊपर हो चुकी थी। देश के अधिकांश हिस्सों में बांग्लादेश के घुसपैठिए बड़ी संख्या में बस गए हैं, जिनके पास दलालों और स्थानीय नेताओं की मेहरबानी से नागरिकता संबंधी फर्जी दस्तावेज, राशन कार्ड भी हैं, सरकार की लोक कल्याण की योजनाओं का लाभ भी उन्हें मिल रहा है। उन्हें बाहर निकालने की बात तो सरकारें करती रही हैं किंतु इच्छाशक्ति का अभाव है, और अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा सका है। प. बंगाल और असम की डेमोग्राफी को तो बांग्लादेशी अवैध प्रवासियों ने बदल ही दिया है। दोनों राज्यों के कई जिलों में बांग्लादेशी घुसपैठियों की संख्या मूल निवासियों से अधिक हो गई है। म्यांमार से आए रोहिंग्या की संख्या भी दिनोंदिन बढ़ रही है। गृह मंत्रालय के अनुसार 40,000 से अधिक रोहिंग्या बिना दस्तावेज भारत में रह रहे हैं।

मुक्त व्यापार पर भी राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए जाने वाले प्रतिबंध विश्व व्यापार को प्रभावित कर सकते हैं। प्रतिबंधों का मुख्य कारण है अमेरिका का बढ़ता व्यापार घाटा-आयात में वृद्धि और निर्यात में कमी। चीन, भारत, ब्राजील और अन्य देशों, जो अमेरिका के बड़े व्यापारिक साझेदार हैं, पर भारी टैरिफ लगाने की धमकी इन देशों के लिए अहितकर हो सकती है। अंतरराष्ट्रीय वित्तीय और अन्य संस्थाओं-विश्व व्यापार संगठन, विश्व स्वास्थ्य संगठन आदि पर भी राष्टपति ट्रंप की नीतियों का असर होगा। टैरिफ को लेकर इकतरफा नीति विश्व व्यापार संगठन के निर्देशों का उल्लंघन होगा। जलवायु परिवर्तन संबंधी पेरिस समझौते पर अमल करने से भी उन्होंने इनकार कर दिया है।

## दिल्ली-एनसीआर में फिर छाया कोहरा, पहाड़ों पर बर्फबारी से मैदानी इलाकों में बढ़ी ठंड

नईदिल्ली (आरएनएस)। पहाड़ों पर हुई बर्फबारी के बाद मैदानी इलाकों में एक बार फिर से ठंड का असर दिखाई देने लगा है. इस बीच सोमवार सुबह दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के कई राज्यों में हल्का कोहरा दिखाई दिया. इस बीच मौसम विभाग ने सोमवार से अगले दोनों दिन तक दिल्ली समेत मैदानी राज्यों के कुछ इलाकों में हल्की बारिश का अनुमान जताया है. जिससे तापमान में एक बार फिर से गिरावट देखने को मिल सकती है. मौसम विभाग ने येलो अलर्ट भी जारी किया है।



मौसम विभाग की मानें को हल्की बारिश के बाद कुछ इलाकों में कोहरा भी छा सकता है। इसके साथ ही अधिकतम तापमान 22 और न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है. इससे पहले रविवार सुबह भी दिल्ली-एनसीआर में कोहरा देखने को मिला. इस दौरान सुबह 7 बजे के आसपास सफदरजंग एयरपोर्ट में दृश्यता 200 मीटर ही रह गई. जबकि पालम में सुबह चार बजे दृश्यता 50 मीटर दर्ज की गई।

उधर पहाड़ों पर एक बार फिर से बर्फबारी हो रही है. रविवार को भी जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी के साथ हल्की बारिश हुई. जिसके चलते उत्तर भारत के तमाम इलाकों में बर्फीली हवाएं चली और तापमान गिर गया. वहीं देश के दर्जनभर राज्यों में शनिवार रात से रविवार सुबह आठ बजे तक कोहरा देखा गया. जिससे लोगों का भारी परेशानी हुई. कोहरे के चलते कोलकाता एयरपोर्ट पर 13 उड़ानों पर भी इसका असर देखा गया. कोहरे का सबसे ज्यादा असर पंजाब और हरियाणा दिखाई दिया. जहां दो अलग-अलग हादसों में पांच लोगों की मौत हो गई.मौसम विभाग के मुताबिक, दिल्ली-एनसीआर में अगले दो दिनों तक हल्की बारिश हो सकती है. जिससे दिन के तापमान में भी गिरावट देखने को मिलेगी. इससे एक बार फिर से लोगों के ठंड का एहसास होने लगेगा. इसके साथ ही सोमवार को उत्तराखंड के कई इलाकों में भी बारिश हो सकती है. इसके साथ ही मौसम विभाग ने 10 फरवरी तक जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों में बारिश और बर्फबारी का अनुमान जताया है।

# मणिपुर हिंसा भड़काने में मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह का हाथ? सुप्रीम कोर्ट ने मांगी रिपोर्ट

नईदिल्ली, (आरएनएस)। मणिपुर में जातीय हिंसा भड़काने को लेकर सामने आए कथित ऑडियो टेप की आवाज मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह से मेल खाने पर सुप्रीम कोर्ट ने इसकी फॉरेंसिक रिपोर्ट मांगी है।

सोमवार को मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति पीवी संजय कुमार की पीठ ने यह आदेश जारी किया।

ऑडियो क्लिप की फॉरेंसिक लैब रिपोर्ट को केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (सीएफएसएल) सीलबंद लिफाफे में सुप्रीम कोर्ट को सौंपेगी।

कोर्ट ने मामले की सुनवाई 24 मार्च से सूचीबद्ध कर दिया है।

मणिपुर हिंसा के याचिकाकर्ता कुकी ऑर्गनाइजेशन फॉर ह्यूमन राइट्स ट्रस्ट के वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि निजी ट्रुथ लैब्स ने पुष्टि की कि 93 प्रतिशत ऑडियो की आवाज मुख्यमंत्री सिंह की आवाज से मिलती है।

इस पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि ट्रुथ लैब्स की रिपोर्ट पर भरोसा नहीं कर सकते, इसलिए क्लिप को सीएफएसएल को भेजा गया है।

इस पर भूषण ने जवाब दिया कि ट्रुथ लैब्स की रिपोर्ट सीएफएसएल रिपोर्ट से कहीं अधिक विश्वसनीय है।



सुनवाई के दौरान पीठ में शामिल न्यायमूर्ति संजय ने पूछा कि क्या उन्हें सुनवाई से अलग हो जाना चाहिए, क्योंकि जब उन्हें सुप्रीम कोर्ट में पदोन्नत किया गया था, तब उन्होंने मणिपुर के मुख्यमंत्री द्वारा आयोजित रात्रिभोज में भाग लिया था।

इस पर याचिकाकर्ता के वकील भूषण ने कहा कि मामले से न्यायमूर्ति संजय कुमार को बिल्कुल भी अलग होने की जरूरत नहीं है और इससे जरा सी भी समस्या नहीं है।

कोर्ट ने 1 हफ्ते में रिपोर्ट मांगी है।

मणिपुर के कुकी संगठन ने पिछले साल नवंबर में ट्रुथ लैब की रिपोर्ट जारी कर आरोप लगाया था कि मुख्यमंत्री सिंह ने हिंसा को भड़काने में मदद की है। सुप्रीम कोर्ट में वकील भूषण ने कहा कि बातचीत एक बंद कमरे में हुई थी, जिसमें मुख्यमंत्री सिंह यह कहते सुनाई दे रहे हैं कि उन्होंने मैतेई समुदाय को गिरफ्तारी से बचाया और राज्य के शस्त्रागार से हथियार चोरी करने की अनुमति दी।

इस ऑडियो पर हंगामा मचा था।

मणिपुर में कुकी और मैतेई समुदाय के बीच मई, 2023 से हिंसा जारी है, जो हाई कोर्ट के एक आदेश के बाद भड़क उठी थी।

इस हिंसा के दौरान अलग-अलग घटनाओं में 250 से ज्यादा लोग मारे गए हैं, 1,500 से ज्यादा जख्मी हुए हैं और करीब 60,000 को घर छोड़ना पड़ा है। अब तक 500 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। हिंसा से चुराचांदपुर, बिष्णुपुर, इंफाल पूर्व और इंफाल पश्चिम सबसे ज्यादा प्रभावित हैं।

## कांग्रेस विधायक के बेटे ने फंदे से झूलकर दी जान, 18 साल के अयान ने घर में किया सुसाइड

पटना, (आरएनएस)। कांग्रेस नेता शकील अहमद खान के बेटे ने सुसाइड कर लिया. वह सुबह फांसी के फंदे से झूलता मिला, जिसके बाद उसके शव को पटना के सरकारी अस्पताल में पहुंचाया गया. खान बिहार कांग्रेस विधायक दल के नेता हैं. पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है. शकील खान के बेटे का नाम-अयान है. वह 18 साल का था. वह दिल्ली पब्लिक स्कूल में 12वीं क्लास में पढ़ता था. रिपोर्ट के मुताबिक, विधायक के बेटे अयान ने रात में खाना खाया और इसके बाद सोने के लिए अपने कमरे में चला गया. सुबह हुई तो फंदे से झूलता हुआ, उसका शव मिला. घटना की जानकारी मिलते ही खुद बिहार पुलिस चीफ डीजीपी विनय कुमार मौके पर पहुंच गए. बिहार पुलिस के अन्य आला-अधिकारी मौके पर पहुंच गए. एफएसएल को भी मौके पर बुलाया गया है. भाजपा प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन ने बताया कि दरवाजा अंदर से बंद था. परिजन गेट तोड़कर अंदर गए तो शव फंदे से लटका मिला. उन्होंने बताया कि उसकी परीक्षा चल रही है. शायद से वह प्रेशर में हो. खान बिहार के कटिहार जिले के कड़वा विधानसभा सीट से विधायक हैं. खान का सरकारी आवास सचिवालय थाना क्षेत्र में है. खान फिलहाल बिहार से बाहर हैं।



भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक का लखनऊ हवाई अड्डे पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वागत किया।

# दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर एग्जिट पोल पर प्रतिबंध, चुनाव आयोग ने जारी किए निर्देश




नई दिल्ली,(आरएनएस)। दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग ने 5 फरवरी सुबह सात बजे से शाम 6:30 बजे तक एग्जिट पोल पर प्रतिबंध लगा दिया है। इस संबंध में दिल्ली के मुख्य चुनाव अधिकारी कार्यालय ने एक आदेश भी जारी किया है। चुनाव आयोग ने अपने आदेश में कहा, जनसाधारण विशेष रूप से न्यूज ब्यूरो, मीडिया हाउसेज, रेडियो और टेलीविजन चैनलों इत्यादि का ध्यान भारत निर्वाचन आयोग की अधिसूचना संख्या 576/एक्जिट /2025/ एसडीआर/खण्ड-1 दिनांक 22 जनवरी, 2025 की ओर आकर्षित किया जाता है कि प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया या किसी भी अन्य तरीके, जो कोई हो, में एग्जिट पोल, ओपिनियन पोल या किसी अन्य चुनाव सर्वेक्षण के परिणामों पर प्रतिबंध रहेगा।

उन्होंने कहा, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के विधानसभा के साधारण निर्वाचन की घोषणा निर्वाचन आयोग के प्रेस नोट संख्या ई.सी.आई/पी.एन/169/2025 दिनांक 07 जनवरी 2025, के द्वारा घोषित की जा चुकी है और यत: लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 (संक्षेप में लो. प्र. अधिनियम, 1951) की धारा 126क के प्रावधानों के अनुसार इस संबंध में निर्वाचन आयोग द्वारा यथा अधिसूचित, इस अवधि के दौरान किसी भी प्रकार के एक्जिट पोल के संचालन और उसके परिणामों तथा ऐसे एक्जिट पोल के परिणाम के प्रकाशन एवं प्रसार पर प्रतिबंध होगा।

चुनाव आयोग ने बताया, अब, इसलिए, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126क की उप-धारा (1) के अधीन -शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारत निर्वाचन आयोग, उक्त धारा की उप-धारा (2) के उपबंधों के दृष्टिगत, -05 फरवरी 2025 (बुधवार) को सुबह 7:00 बजे से शाम 06:30 बजे के बीच की अवधि को, ऐसी अवधि के रूप में अधिसूचित करता है, जिसके दौरान वर्तमान राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली विधानसभा। आम चुनाव 2025 के संबंध में किसी भी प्रकार के एक्जिट पोल का आयोजन करने तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से उसका प्रचार-प्रसार करने पर प्रतिबंध होगा। आयोग ने कहा कि यह भी स्पष्ट किया जाता है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 (1) (ख) के अधीन उपर्युक्त आम चुनाव के संबंध में मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय पर समाप्त होने वाली 48 घंटों की अवधि के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामले के प्रदर्शन पर प्रतिबंध होगा।

### योग गुरु बाबा रामदेव की मुश्किलें बढ़ी, केरल की अदालत ने जारी किया गैर-जमानती वारंट;

नई दिल्ली (आरएनएस)। बाबा रामदेव की मुश्किलें फिर एक बार बढ़ गई हैं। केरल की एक अदालत ने उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया है। पतंजलि योगपीठ के अध्यक्ष आचार्य बालकृष्ण के खिलाफ भी वारंट जारी किया है। पलक्कड़ जिले की कोर्ट दोनों के ही खिलाफ यह वारंट उनकी गैरहाजिरी के कारण जारी किया है। आपको बता दें कि वे केरल के ड्रग्स इंस्पेक्टर द्वारा दिव्य फार्मेसी के खिलाफ दायर किए गए आपराधिक मामले में पेश नहीं हुए थे। कोर्ट ने इन दोनों के खिलाफ 15 फरवरी को पेश होने के लिए गैर-जमानती वारंट जारी किया है। इससे पहले कोर्ट ने 1 फरवरी को इन आरोपियों के खिलाफ जमानत योग्य वारंट जारी किया था, ताकि वे कोर्ट में पेश हो सकें। यह मामला दिव्य फार्मेसी द्वारा कथित रूप से भ्रामक चिकित्सा विज्ञापन प्रसारित करने से जुड़ा है, जिस पर केरल ड्रग्स इंस्पेक्टर ने कार्रवाई की है।आपको बता दें कि योग गुरु बाबा रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड पर कई मामले रहे हैं। इनमें भ्रामक विज्ञापन, अवमानना और ट्रेडमार्क उल्लंघन जैसे मामले शामिल हैं। इन मामलों में सुप्रीम कोर्ट ने बाबा रामदेव और पतंजलि को राहत दे चुकी है। हालांकि, कोर्ट ने उन्हें चेतावनी दी थी कि अगर वे फिर से कोर्ट के आदेशों का उल्लंघन करते हैं, तो उन्हें सजा हो सकती है।

## गोधरा ट्रेन कांड के दोषी का कारनामा, पैरोल के दौरान फरार होकर बनाया चोरी गिरोह

अहमदाबाद,(आरएनएस)। गुजरात के गोधरा ट्रेन कांड मामले में आजीवन कारावास की सजा भुगत रहे 55 वर्षीय सलीम उर्फ यूसुफ जरदा का एक नया कारनामा सामने आया है। जरदा को महाराष्ट्र के पुणे में चोरी के एक मामले में गिरफ्तार किया गया है। खास बात है कि जरदा पैरोल पर बाहर आया था और तभी से फरार था। पुलिस ने सोमवार को बताया कि उन्होंने 22 जनवरी को जरदा और उसके गिरोह के 4 सदस्यों को नासिक से पकड़ा था। पुलिस ने बताया कि 7 जनवरी को पुणे के जुनार में एक ट्रक से 2.50 लाख रुपये के टायर-ट्यूब चोरी हुए, जिसकी शिकायत आलेफाटा थाने में हुई। जांच में पता चला कि पुणे के मानचर और नासिक के सिन्नर थाने में भी ऐसे मामले सामने आए हैं, जिसे गुजरात के गोधरा से जुड़ा एक गिरोह अंजाम दे रहा है।तकनीकी जांच के बाद पुलिस ने ज़रदा, साहिल पठान, सुफ़ियान चनाकी, अयूब सुनठिया और इरफान दुरुवेश को नासिक में गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि जरदा 17 सितंबर, 2024 को 7 दिन के लिए पैरोल पर जेल से बाहर आया था और तभी से फरार था। वह गोधरा के गिरोह के साथ पुणे में आकर चोरियों को अंजाम दे रहा था।पुलिस ने बताया कि जरदा उन 31 लोगों में शामिल है, जिसे कोर्ट ने गोधरा कांड का दोषी बताया था। जरदा को पहले निचली कोर्ट ने फांसी सुनाई थी, जिसे गुजरात हाई कोर्ट ने उम्रकैद में बदल दिया। गुजरात के पंचमहला जिले में स्थित गोधरा में 27 फरवरी, 2002 को साबरमती एक्सप्रेस के एस-6 कोच में आग लगी थी, जिसमें 59 लोग मारे गए थे। ट्रेन में कार सेवक सवार थे।



## केजरीवाल और मोदी एक सिक्के के दो पहलू, विकास से इनका कोई वास्ता नहीं: खड़गे

नई दिल्ली,(आरएनएस)। नई दिल्ली के मुस्तफाबाद में जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आप और भाजपा पर जमकर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल और पीएम मोदी, ये दोनों एक सिक्के के दो पहलू हैं। केजरीवाल कहते हैं कि हरियाणा से आने वाले पानी में जहर मिलाया गया है। वहीं पीएम मोदी कहते हैं कि केजरीवाल झूठ बोल रहे हैं। जबकि ये दोनों झूठ बोलते हैं, क्योंकि दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। दोनों ने दिल्ली की भलाई के लिए कुछ नहीं किया। जो किया, केवल कांग्रेस ने ही किया है। इसलिए आप दिल्ली में कांग्रेस की सरकार बनाइए, तब देखिए हम कैसे विकास के काम करते हैं।

उन्होंने कहा कि डॉलर के मुकाबले रुपया बहुत कमजोर हो गया है। यहीं नरेंद्र मोदी जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तो कहते थे कि कांग्रेस सरकार में रुपया पतला हो गया है। हमारी कांग्रेस सरकार में एक डॉलर की कीमत 60 रुपये के करीब थी और आज एक डॉलर 86 रुपये के पार है। इसलिए नरेंद्र मोदी को आलोचना करने का कोई अधिकार नहीं है। वह केवल सत्ता और कुर्सी के लिए लड़ते हैं, जबकि कांग्रेस का मकसद जनता की सेवा करना है।

खड़गे ने आगे कहा कि मोदी व केजरीवाल सत्ता और अधिकार के लिए लड़ते हैं, जबकि दूसरी ओर हमारे पास सोनिया गांधी जैसी नेता हैं, जिन्हें दो बार प्रधानमंत्री बनने का अवसर मिला, लेकिन उन्होंने पद लेने से इनकार कर दिया और अपनी जगह मनमोहन सिंह जैसे अर्थशास्त्री को प्रधानमंत्री बनाया। सोनिया गांधी ने हमेशा पार्टी और देश की भलाई को प्राथमिकता दी, जबकि भाजपा के नेता सिर्फ अपने स्वार्थ के लिए काम कर रहे हैं। अगर आप संविधान और लोकतंत्र को बचाना चाहते हैं, तो कांग्रेस को समर्थन करिए।

# बहराइच में 90 मदरसों की मान्यता रद्द करने की सिफारिश, मचा हड़कंप

बहराइच (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले के 90 मदरसों की मान्यता रद्द करने के लिए जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने शासन को पत्र भेजकर सख्त कार्रवाई की सिफारिश की है। इन मदरसों की नेपाल सीमा से नजदीकी को देखते हुए इनकी संदिग्ध गतिविधियों पर संज्ञान लिया गया है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी संजय मिश्रा ने बताया कि इन मदरसों को पहले ही शासन द्वारा निर्देश दिए गए थे कि उन्हें अपने रिकॉर्ड को अपार आईडी से अपडेट करना होगा, लेकिन निर्देशों का पालन नहीं किया गया। इसके कारण प्रशासन को यह कठोर कदम उठाना पड़ा।उन्होंने कहा कि हमने इन मदरसों के संचालकों को कई बार पत्र के माध्यम से और टेली-कॉन्फ्रेंस के जरिए निर्देश दिए थे कि बच्चों के अपार आईडी जनरेशन का काम जल्द से जल्द पूरा किया जाए, लेकिन एक सप्ताह पहले किए गए सर्वेक्षण में यह पाया गया कि 90 मदरसों में से किसी में भी अपार आईडी जेनरेशन का कार्य शुरू नहीं हुआ।संजय मिश्रा ने बताया कि बहराइच जिले में कुल 301 मान्यता प्राप्त मदरसे संचालित हैं, जिनमें से इन 90 मदरसों ने निर्देश का पालन नहीं किया। प्रशासन की निगरानी और लगातार निर्देश देने के बावजूद मदरसा संचालकों द्वारा नियमों का पालन न किया गया, इसके चलते उनके खिलाफ यह सख्त कदम उठाया गया है।




उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में राज्यसभा सदस्य कल्पना सैनी से उनके आवास पर मुलाकात की.

## दुनिया की सबसे ताकतवर सैन्य शक्ति वाले देशों में भारत चौथे रैंक पर, पाकिस्तान हुआ परेशान

### -ग्लोबल फायर पावर इंडेक्स की लिस्ट जारी

नईदिल्ली (आरएनएस)। ग्लोबल फायरपावर ने साल 2025 की नई लिस्ट जारी कर दी है. ग्लोबल फायरपावर एक संस्था है, जो दुनिया भर के देशों की सैन्य शक्ति के आधार पर उनकी रैंकिंग तय करती है. लिस्ट में विश्व के सभी देशों की रैंकिंग बताई जाती है. इस बार की रैंकिंग ने पाकिस्तान को हिला दिया है।

ग्लोबल फायरपावर की ताजा रैंकिंग में भारत चौथे स्थान पर है. यानी भारत की सैन्य शक्ति दुनिया भर में चौथे नंबर पर है. साल 2025 की तरह ही भारत 2024 में भी दुनिया की चौथी सबसे शक्तिशाली सैन्य शक्ति थी. हालांकि, पाकिस्तान पिछली बार के मुकाबले इस बार और नीचे गिर गया है. लिस्ट में हर बार की तरह ही अमेरिका नंबर एक पर है. दूसरे नंबर पर रूस और तीसरे नंबर पर चीन काबिज है।

ग्लोबल फायरवार इंडेक्स 60 मानकों के आधार पर सेनाओं की ताकत का मूल्यांकन करता है. जैसे- सैन्य इकाइयां, लॉजिस्टिक्स, वित्तीय स्थिति, तकनीकी विकास और भौगोलिक स्थिति आदि मानक शामिल हैं।

2025 की टॉप-10 सैन्य शक्तियां

अमेरिका: पावर इंडेक्स स्कोर 0.0744

रूस: पावर इंडेक्स स्कोर 0.0788

चीन: पावर इंडेक्स स्कोर 0.0788 है

भारत: पावर इंडेक्स स्कोर 0.1184

दक्षिण कोरिया: पावर इडेक्स स्कोर 0.1656

यूके: पावर इंडेक्स स्कोर 0.1785

फ्रांस: पावर इंडेक्स स्कोर 0.1878

जापान: पावर इंडेक्स स्कोर 0.1839

तुर्की: पावर इंडेक्स स्कोर 0.1902

इटली: पावर इंडेक्स स्कोर 0.2164

भारत का पड़ोसी देश और आतंकवाद का



सरपरस्त देश पाकिस्तान 2024 में फायपावर रैंकिंग में नौवें नंबर पर था. हालांकि, इस बार लिस्ट ने पाकिस्तान को करारा झटका दिया है। पाकिस्तान 2025 में नौवें से फिसलर 12वें स्थान पर आ गया है. लिस्ट सैन्य शक्ति में पाकिस्तान की गिरावट दर्शाती है. पाकिस्तान की सैन्य स्थिति और रक्षा आधुनिकीकरण में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जिस वजह से पाकिस्तान का बेड़ा गर्क हो गया है. बता दें, लिस्ट में सबसे नीचे भूटान है।

### सोनिया गांधी की मुश्किलें बढ़ी, बिहार में दर्ज हुआ मुकदमा; राष्ट्रपति को कहा था 'पूअर लेडी'

नई दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी की मुश्किलें बढ़ गई हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को 'पूअर लेडी' कहने वाले बयान पर उनके खिलाफ बिहार के मुजफ्फरपुर में मुकदमा दर्ज किया गया है। सुधीर ओझा नाम के एक वकील ने शनिवार को सीजीएम कोर्ट में यह शिकायत दी। कोर्ट ने इसे स्वीकार कर लिया। मामले की सुनवाई 10 फरवरी को होगी। याचिकाकर्ता ने राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को भी सह-आरोपी बताया है और उनके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की मांग की।याचिकाकर्ता का कहना है कि सोनिया गांधी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपमानित करने की कोशिश की है। बजट सत्र के दौरान राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद सोनिया गांधी ने उन पर जो टिप्पणी की थी।

# ऑफ शोल्डर गाउन पहनकर मालविका मोहनन ने दिखाई एक से बढ़कर एक अदाएं, यूजर्स ने जमकर दिए रिएक्शंस



साउथ एक्ट्रेस मालविका मोहनन आए दिन अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। उनका स्टनिंग और हॉट अंदाज इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं, जिसमें वो एक से बढ़कर एक सिजलिंग अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं।एक्ट्रेस मालविका मोहनन आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपनी खूबसूरती और फैशन स्टेटमेंट्स से फैंस को इस कदर दीवाना बनाया हुआ है कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं।अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं, जिसमें वो बोल्ड पोज देती हुई नजर आ रही हैं।मालविका मोहनन की लेटेस्ट फोटोज में आप देख सकते हैं उन्होंने येलो कलर का ऑफ शोल्डर गाउन पहना हुआ है, जिसमें वो बेहद ही हॉट और बोल्ड नजर आ रही हैं।खुले बालों को वेवी स्टाइल लुक देकर, कानों में इयररिंग्स और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।मालविका मोहनन जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके हर एक लुक पर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं देते हैं। उनका कातिलाना अवतार इंटरनेट पर आते ही तबाही मचाने लगता है। उनकी इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। एक यूजर ने एक्ट्रेस की तस्वीरों पर कॉमेंट करते हुए लिखा है- बेहद हॉट। दूसरे ने लिखा है- टू मच हॉट टू हेंडल। तीसरे यूजर ने लिखा- यू लुक अमेजिंग।

# किरण अब्बावरम स्टारर दिलरुबा का पहला गाना अग्गीपुल्ले रिलीज

युवा और प्रतिभाशाली नायक किरण अब्बावरम आगामी रोमांटिक और एक्शन एंटरटेनर दिलरुबा में अभिनय कर रहे हैं, जिसमें रुखसार ढिल्लन मुख्य भूमिका निभा रही हैं। इस फिल्म का निर्माण शिवम सेल्युलॉइड्स और प्रसिद्ध संगीत लेबल सारेगामा द्वारा प्रोडक्शन कंपनी ए यूडल फिल्म के तहत संयुक्त रूप से किया जा रहा है। निर्माताओं में रवि, जोजो जोस, राकेश रेड्डी और सारेगामा शामिल हैं। फिल्म का निर्देशन विश्व करुण ने किया है।दिलरुबा 14 फरवरी को वैलेंटाइन डे के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। आज निर्माताओं ने पहला सिंगल अग्गिपुले रिलीज किया। इस गाने में मधुर संगीत है जो मजबूत भावनाओं को जगाता है, जिसमें हवा की तरह एक क्रोधित और तीव्र शक्ति का वर्णन किया गया है, जो दबाव और अथक है। इस ट्रैक में भास्कर बटला द्वारा लिखे गए शक्तिशाली बोलों के साथ एक खूबसूरत धुन का संयोजन है। शीर्ष गायक अनुराग कुलकर्णी ने इस धुन को शानदार ढंग से गाया है।

# शाहिद कपूर देवा को दूसरे दिन मिली मामूली बढ़त, किया 11.75 करोड़ का कारोबार




शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े की कॉप एक्शन देवा 31 जनवरी को रिलीज हुई. फिल्म ने 5.5 करोड़ के साथ बॉक्स ऑफिस पर ओपनिंग की. सिनेमाघरों में पहले से ही अक्षय कुमार की स्काई फोर्स और कंगना की इमरजेंसी चल रही है जिसका खामियाजा देवा को पहले ही दिन भुगतना पड़ा. हालांकि अब दूसरे दिन फिल्म की कमाई बेहतर हुई है. आइए जानते हैं शाहिद कपूर की फिल्म का दूसरे दिन कैसा रहा बॉक्स ऑफिस पर हाल।

5.50 करोड़ से बॉक्स ऑफिस पर ओपनिंग करने वाली देवा का दूसरे दिन कलेक्शन 6.25 करोड़ रूपये रहा. रिलीज से पहले देवा ने खूब सुर्खियां भी बटोरीं लेकिन कमाई के मामले में देवा ने पहले दिन निराशाजनक प्रदर्शन किया. अब दोनों दिनों का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 11.75 करोड़ हो गया है. शनिवार को हिंदी में देवा ओवरऑल 13.07 प्रतिशत ऑक्यूपेंसी रही।

शाहिद कपूर की पिछली फिल्मों में तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया ने बॉक्स ऑफिस पर 6.7 करोड़ के साथ ओपनिंग की थी और यह फिल्म हिट रही थी. वहीं 2019 में रिलीज हुई कबीर सिंह ने 20.21 करोड़ और 2018 में बत्ती गुल मीटर चालू ने 6 करोड़ के साथ खाता खोला था. इन फिल्मों की तुलना में देवा ने निराशानजक प्रदर्शन किया है. देवा की कम ओपनिंग की वजह अक्षय कुमार की स्काई फोर्स को भी माना जा सकता है. स्काई फोर्स 24 जनवरी को रिलीज हुई और कमाई में भी बेहतर प्रदर्शन करते हुए फिल्म ने 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है. वहीं कंगना की इमरजेंसी भी सिनेमाघरों में हैं तो ऐसे में शाहिद की फिल्म ज्यादा ऑडियंस को अपनी ओर खींचने में असफल रही. हालांकि यह सिर्फ शुरुआत है और क्या होगा इस पर कुछ कहा नहीं जा सकता. बता दें देवा का बजट लगभग 80 करोड़ रुपये है.देवा में शाहिद कपूर के साथ पूजा हेगड़े लीड रोल में हैं. इनके अलावा फिल्म में कुबरा सैत, पावेल गुलाटी भी खास रोल प्ले कर रहे हैं. इसे रोशन एंड्रयूज ने निर्देशित किया है और कहानी बॉबी-संजय ने लिखी है. फिल्म 31 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई।

# आईफा 2025 में स्त्री 2 और लापता लेडीज ने मारी बाजी, मिले सबसे ज्यादा नॉमिनेशन




जयपुर में 8 और 9 मार्च को आयोजित होने वाले आईफा (इंटरनेशनल इंडियन फिल्म एकेडमी अवार्ड्स) की सिल्वर जुबली एडिशन में बेस्ट निर्देशन, लीड रोल में बेस्ट परफॉर्मेंस (महिला, पुरुष), बेस्ट सपोर्टिंग रोल (महिला, पुरुष), बेस्ट नेगेटिव रोल, बेस्ट म्यूजिक डायरेक्शन और सिंगर (पुरुष, महिला) जैसी 10 कैटेगरी में सिनेमैटिक हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा. वहीं बात करें तो सबसे ज्यादा नामांकन की तो वो लापता लेडीज, भूल-भुलैया 3 और स्त्री 2- सरकटे का आतंक सबसे ऊपर है. लापता लेडीज को 9, भूल भुलैय 3 को 7 और स्त्री 2 को 6 नॉमिनेशन मिले हैं.आईफा अवॉर्ड्स में बेस्ट पिक्चर के लिए लापता लेडीज, भूल भुलैया 3, स्त्री 2, किल आर्टिकल 370 और शैतान हैं. देखना दिलचस्प होगा कि यह अवॉर्ड किसको मिलता है. देखें सभी कैटेगरी में नॉमिनेशन की लिस्ट।

# अक्षय कुमार की फिल्म स्काई फोर्स की रफ्तार बरकरार, 9 दिनों में फिल्म ने बटोरे लिए 111.7 करोड़ रुपये




अक्षय कुमार की 24 जनवरी को रिलीज की गई फिल्म स्काई फोर्स को सिनेमाघरों में आज 9वां दिन है. इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी ओपनिंग ली और गणतंत्र दिवस के मौके पर बंपर कमाई की.

फिल्म का बॉक्स ऑफिस पर प्रदर्शन देखकर अक्षय कुमार के फैंस ने भी राहत की सांस ली है, क्योंकि इस फिल्म के साथ ही उनका फ्लॉप फिल्मों का सिलसिला अब खत्म होता नजर आ रहा है. तो चलिए जानते हैं कि फिल्म ने अभी तक कितनी कमाई कर ली है और कितना कमाने के बाद फिल्म अपने बजट निकाल पाएगी.

फिल्म को स्त्री 2 और भेड़िया जैसी फिल्में बनाने वाले प्रोडक्शन हाउस मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले बनाया गया है. प्रोडक्शन हाउस के ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म की पिछले 9 दिनों की कमाई से जुड़े ऑफिशियल आंकड़े शेयर किए गए हैं.

इसके मुताबिक, फिल्म ने पहले हफ्ते में 99.7 करोड़ कमाए थे. वहीं 8वें और 9वें दिन फिल्म का कलेक्शन 4.6 करोड़ और 7.4 करोड़ रुपये रहा. यानी कल फिल्म की कमाई में इजाफा हुआ. और इस तरह से फिल्म ने 9 दिनों में 111.7 करोड़ रुपये कमा लिए.

फिल्म को करीब 160 करोड़ रुपये के बजट में तैयार किया गया है. फिल्म ने आज बजट का 75 प्रतिशत हिस्सा निकाल लिया है. अब उम्मीद है कि फिल्म जल्द ही अपने बजट वाले आंकड़े को भी टच कर लेगी. अब फिल्म बहुत जल्द ओएमजी 2 का रिकॉर्ड ब्रेक कर सकती है. इस फिल्म में अक्षय कुमार लीड में नहीं थे लेकिन स्पेशल अपीयरेंस से जरूर था. फिल्म ने करीब 150 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की थी.

# अनुपमा का हिस्सा बनना सपना सच होने जैसा : अद्रिजा रॉय

अभिनेत्री अद्रिजा रॉय लोकप्रिय टीवी शो 'अनुपमा' में काम करने को लेकर उत्साहित हैं। शो में अभिनेत्री के किरदार का नाम 'राही' है। उन्होंने बताया कि उनके और उनके किरदार के बीच बहुत सी समानताएं हैं और 'अनुपमा' में काम करना सपना सच होने जैसा है।



अद्रिजा रॉय ने कहा, राही और अद्रिजा के बीच बहुत सी समानताएं हैं। वह व्यावहारिक है, हर चीज को समझने की कोशिश करती है और वह अपनी मां से प्यार करती है। मैं बहुत सी चीजों से खुद को जोड़ पाती हूं। शुरुआत से ही मुझे इस किरदार में ढलने में ज्यादा समय नहीं लगा, क्योंकि कुछ अलग सोचने की जरूरत नहीं है। इस पीढ़ी की कोई भी लड़की परिस्थितियों पर जिस तरह रिएक्ट करती है, उसी तरह राही (चरित्र) भी रिएक्ट करती है। मुझे लगता है कि यह एक प्लस प्वाइंट है।

उन्होंने सह-कलाकार शिवम खजूरिया के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करने के बारे में भी बात की। अभिनेत्री ने कहा, शिवम और मेरे बीच बहुत अच्छा रिश्ता है क्योंकि हम लगभग एक ही उम्र के हैं। पहले दिन से ही हमारी बॉन्डिंग मजबूत थी। हम एक साथ सीन्स पर चर्चा करते थे, तय करते थे कि हम क्या करेंगे और हम उन्हें कैसे करेंगे। जब आप योजना बनाते हैं और एक-दूसरे के साथ सहज होते हैं, तो यह स्वाभाविक रूप से सीन में दिखाई देता है। शायद इसीलिए दर्शकों को यह पसंद आया है।

अद्रिजा रॉय ने बताया कि 'अनुपमा' जैसे शो का हिस्सा बनने पर वह खुद को भाग्यशाली महसूस करती हैं। उन्होंने कहा, मैं खुद को भाग्यशाली मानती हूं कि मुझे अनुपमा जैसे बड़े शो का हिस्सा बनने का मौका मिला। अनुपमा एक ब्रांड है, इसलिए स्वाभाविक रूप से मैं बहुत उत्साहित हूं। मेरा किरदार, पूरी टीम, और शो से जुड़ी हर चीज कहानी, मौजूदा ट्रैक, सब कमाल का है। मैं बस यही उम्मीद करती हूं कि सब कुछ ठीक चलता रहे।

उन्होंने कहा, अनुपमा का हिस्सा बनना - उस शो के साथ काम करना, उस शो से जुड़ना - यह किसी सपने के सच होने जैसा है और मैं अभी उस सपने को जी रही हूं।

# विटामिन ई आपकी त्वचा को बनाए रखता है कोमल, मुलायम और जवां, जानें कैसे करें इसका इस्तेमाल



हमारे शरीर के सम्पूर्ण विकास और उसकी कार्य प्रणाली के साथ-साथ सभी तंत्रों को व्यवस्थित ढंग से चलाने में विटामिन्स काफी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं.दरअसल विटामिन्स ऐसे ऑर्गेनिक कम्पाउंड्स होते हैं, जो आपके शारीरिक और मानसिक बीमारियों को दूर रखने के लिये बेहद जरूरी होते हैं. इसके साथ ही सौन्दर्य को भी बनाए रखने के लिये भी जरूरी माने जाते हैं. बॉडी डेवलपमेंट, हेल्थ और सौन्दर्य को बरकरार रखने में विटामिन ई बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

बता दें, विटामिन ई यह पोषक तत्व आपकी त्वचा के लिए एक मल्टीटास्किंग बॉडीगार्ड की तरह है, जो इसे नुकसान से बचाता है, इसे हाइड्रेटेड रखता है और इसे जवां और चमकदार दिखने में मदद करता है.

## स्किन के लिए विटामिन ई के फायदे

किहेल्दी और शाइनी स्किन बनाए रखने के लिए विटामिन ई सबसे जरूरी पोषक तत्वों में से एक है. यहां प्वाइंट्स में बताया गया है कि यह इतना महत्वपूर्ण क्यों है...

1.फ्री रेडिकल्स से लड़ता है:विटामिन ई एक नेचुरल एंटीऑक्सीडेंट है, जिसका मतलब है कि यह आपकी त्वचा को फ्री रेडिकल्स (वे खतरनाक अणु जो त्वचा की कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाते हैं और उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को तेज करते हैं) से बचाता है.विटामिन ई स्ट्रेस और अन्य पर्यावरणीय खतरों से बचाने के लिए ढाल के रूप काम करता है.

2.हानिकारक यूवी किरणों से बचाव :विटामिन ई के सबसे बड़े लाभों में से एक यह है कि यह त्वचा को हानिकारक यूवी किरणों से बचाता है. हालांकि यह सनस्क्रीन का विकल्प नहीं है, लेकिन यह सूर्य से होने वाले नुकसान को बेअसर करने में मदद करता है, जिससे सनबर्न और लंबे समय तक फोटोएजिंग (यानी झुर्रियाँ और काले धब्बे) के खतरों कम होता है.

## एंटी-एजिंग पावरहाउस

विटामिन ई त्वचा के पुनर्जनन को बढ़ावा देता है और कोलेजन प्रोडक्शन को बढ़ाता है, जिससे आपको एक कोमल, युवा त्वचा मिलता है.

## डीप हाइड्रेशन

गहरी मॉइस्चराइजिंग विशेषताएं इसे एक बेहतरीन हाइड्रेटिंग एजेंट बनाती हैं. यह नमी को लॉक करता है, जिससे आपकी त्वचा नरम, कोमल और चिकनी हो जाती है.

1.जलन को शांत करता है:अगर आपकी त्वचा रूखी या संवेदनशील है, तो विटामिन ई आपके लिए बहुत फायदेमंद साबित हो सकता है. यह जलन को शांत करता है और आपकी त्वचा की प्राकृतिक बाधा को ठीक करने में मदद करता है.

चमकती त्वचा के लिए विटामिन ई का उपयोग कैसे करें

अब जब आप इसके लाभों से परिचित हो गए हैं, तो यहां बताया गया है कि विटामिन ई को अपने लिए कैसे उपयोगी बनाया जाए...

## * सही प्रोडक्ट का चुनाव करें.

विटामिन ई सीरम, क्रीम, तेल और यहां तक कि कुछ क्लीन्जर में भी पाया जाता है. ऐसे प्रोडक्ट्स का चनाव करें जिनमें टोकोफेरॉल या टोकोट्रिएनॉल कंटेंट हो.

## * इसे सही तरीके से लेयर करें

अगर आप विटामिन ई सीरम का इस्तेमाल कर रहे हैं, तो इसे क्लींजिंग और टोनिंग के बाद लेकिन मॉइस्चराइजर से पहले लगाएं. इससे यह आपकी त्वचा में गहराई तक समा जाता है.

* इसे अन्य स्किनकेयर हीरोज के साथ मिलाएं

* विटामिन ई विटामिन सी के साथ बहुत अच्छी तरह से मेल खाता है. साथ में, वे एक-दूसरे की प्रभावशीलता को बढ़ाते हैं, जिससे आपको चमकदार और निखरी की त्वचा मिलती है.

## * रात के समय में लगाना फायदेमंद

रात को सोने से पहले त्वचा पर विटामिन ई तेल की हल्की मसाज करने से काफी फायदा मिलता है. इसे सीधे-सीधे तौर पर त्वचा पर लगाया जा सकता है, लेकिन एलोवेरा जेल के साथ इसे मिलाकर चेहरे की हल्के हाथों से मसाज करने और फिर इसे धोने से त्वचा पर इसके प्रभाव ज्यादा बेहतर तरीके से नजर आता है.

## * सनस्क्रीन लगाना न भूलें

विटामिन ई यूवी क्षति से बचाता है, लेकिन यह सनस्क्रीन का विकल्प नहीं है. अपनी त्वचा को सुरक्षित रखने के लिए हमेशा एसपीएफ की परत लगाएं. डॉ. सरकार का कहना है कि अपनी त्वचा की देखभाल में विटामिन ई को शामिल करना स्वस्थ और अधिक चमकदार त्वचा की ओर एक कदम है. विटामिन ई आपकी त्वचा की रक्षा करता है, उसे नमी देता है और पोषण देता है.

# क्या आप पेट की जिद्दी चर्बी से परेशान हैं? जानिए किन-किन कारणों से बढ़ता है मोटापा



आज के समय में पेट की चर्बी बढ़ने की समस्या आम हो गई है. इसके लिए अनुचित खान-पान और जीवनशैली को जिम्मेदार माना जाता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इसके पीछे कई अन्य कारण भी हो सकते हैं, जिनके बारे में आपको जानकारी होनी चाहिए? इन कारणों को जानकर आप अपने बढ़ते पेट की चर्बी को नियंत्रित कर सकेंगे. आपको बता दें कि कब्ज की समस्या पेट की चर्बी बढ़ाने के लिए जिम्मेदार होती है. न्यूट्रिशनिस्ट अरबी ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्होंने पेट की चर्बी बढ़ने के लिए जिम्मेदार 10 हैरान कर देने वाले कारणों का खुलासा किया है, जिन्हें लोग कब्ज की सामान्य समस्या समझकर नजरअंदाज कर देते हैं।

## पेट की चर्बी बढ़ने के कारण

कब्ज एक आम समस्या है जो दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित करती है, लेकिन पेट की चर्बी पर इसके प्रभाव को अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है. कब्ज के दौरान शरीर में काफी तकलीफ महसूस होती है, लेकिन लोग यह नहीं जानते कि कब्ज के दौरान शरीर में दिखने वाले लक्षण असल में पेट की चर्बी बढ़ने का कारण बनते हैं।

सूजन: पुरानी कब्ज शरीर में सूजन पैदा कर सकती है, मेटाबॉलिज्म को धीमा कर सकती है और पेट में वसा का भंडारण बढ़ा सकती है।

विषैले तत्वों से ग्रस्त शरीर : कब्ज के कारण शरीर में विषाक्त पदार्थों का निर्माण हो सकता है, जिससे मेटाबॉलिज्म धीमा हो सकता है और वजन कम करना मुश्किल हो सकता है।

पेट फूलना: कब्ज के दौरान पेट फूलने की समस्या का सामना करना पड़ता है. इससे आपका पेट सचमुच बड़ा दिखाई देता है।

तनाव और चिंता: पुरानी कब्ज से तनाव और चिंता बढ़ सकती है, जिसके कारण पेट में वसा का संचय बढ़ सकता है।

पोषण संबंधी कमियां : कब्ज के कारण आवश्यक पोषक तत्वों का खराब अवशोषण हो सकता है, जिसमें निम्नलिखित पोषक तत्व शामिल हैं:-

1.विटामिन बी3:मेटाबॉलिज्म और एमर्जी प्रोडक्शन के लिए महत्वपूर्ण

2.विटामिन बी6:मेटाबॉलिज्मऔर फैट लॉस के लिए महत्वपूर्ण

3.विटामिन बी7:मेटाबॉलिज्मऔर फैट लॉस के लिए आवश्यक

स्लो मेटाबॉलिज्म : कब्ज पाचन और चयापचय को धीमा कर सकता है, जिससे वजन कम करना और पेट की चर्बी कम करना मुश्किल हो जाता है.

खराब लाइफस्टाइल: गतिहीन जीवनशैली से कब्ज बढ़ सकती है, जिससे पेट की चर्बी सहित कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं.

आंत संबंधी डिस्बायोसिस: कब्ज आंत के बैक्टीरिया के संतुलन को बाधित कर सकता है, जिससे शरीर में फैट के प्रसंस्करण और भंडारण के तरीके में परिवर्तन हो सकता है. इससे पेट की चर्बी कम करना मुश्किल हो जाता है.

जंक फूड का सेवन: प्रोसेस्ड फूड आइटम्स और चीनी से भरपूर आहार से कब्ज बढ़ सकता है, जिससे पेट की चर्बी सहित कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं।

## ग्रीस में बड़ी आपदा की आहट! 3 दिनों में महसूस किए गए भूकंप के 200 से ज्यादा झटके

एथेंस (आरएनएस)। ग्रीस के खूबसूरत द्वीप सेंटोरिनी में लगातार भूकंप के झटके महसूस किए जा रहे हैं। भूकंप के झटकों की वजह से स्थानीय लोगों में दहशत है। पर्यटकों के पसंदीदा ग्रीस के इस इलाके में शुक्रवार से रविवार तक 200 से ज्यादा बार भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। सबसे तेज भूकंप की तीव्रता 4.6 तक मापी गई है। हालात को देखते हुए अधिकारियों ने स्कूल बंद रखने का आदेश दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, स्थानीय प्रशासन ने आम लोगों के लिए एडवाइजरी भी जारी की है। प्रशासन ने लोगों से इनडोर समारोहों से बचने और राजधानी के पुराने पोर्ट सहित कई बंदरगाहों से दूर रहने की अपील की है। सेंटोरिनी कई फॉल्ट लाइनों पर स्थित है और यह पहली बार नहीं है, इससे पहले भी सेंटोरिनी आईलैंड पर भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं।लगातार भूकंपीय गतिविधियों के बाद भी इस आईलैंड पर पर्टकों की संख्या पर असर नहीं पड़ता है। आईलैंड पर 20 हजार से ज्यादा लोग रहते हैं। वहीं, हर साल यहां 34 लाख से ज्यादा टूरिस्ट घूमने के लिए आते हैं। इसे छुट्टियों के लिए बेस्ट डेस्टीनेशन माना जाता है। सेंटोरिनी हेलेनिक ज्वालामुखी आर्क का हिस्सा है, जो यूरोप के सबसे सक्रिय ज्वालामुखी क्षेत्रों में से एक है। अधिकारियों ने कहा कि हाल ही में 200 से ज्यादा महसूस किए गए भूकंप के झटके टेक्टोनिक गतिविधियों की वजह से आए हैं। इससे पहले सेंटोरिनी आईलैंड पर सबसे तेज भूकंप के झटके साल 1956 में महसूस किए गए थे। इन झटकों में 53 लोगों की मौत दर्ज की गई थी और 100 से ज्यादा घायल हो गए थे। तब आईलैंड के एक तिहाई मकान गिर गए थे और लोगों को भारी नुकसान हुआ था। यहां पिछले 400,000 वर्षों में 100 से अधिक ज्वालामुखी विस्फोट हुए हैं।

## अमेरिकी विमान दुर्घटना में 67 लोगों की हुई मौत, अब तक 55 शव बरामद

### –हादसे को लेकर उठ रहे सवाल

आर्लिंगटन,(आरएनएस)। अमेरिका में घातक विमान हादसा हुआ था जिसमें 67 लोगों की मौत हो गई थी। हादसे के बाद अब तक 55 मृतकों के शवों को बरामद कर लिया गया है। अधिकारियों ने इस बारे में जानकारी दी है। रीगन राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास पोटोमैक नदी के ऊपर बीते सप्ताह बुधवार को यह हादसा हुआ था। यह प्लेन हादसा अमेरिका में 2001 के बाद हुए अब तक के सबसे घातक हवाई हादसों में से एक है।

वाशिंगटन डीसी के अग्निशमन एवं आपातकालीन चिकित्सा सेवा (ईएमएस) प्रमुख जॉन डोनेली ने कहा है कि गोताखोर अब भी इस दुर्घटना में मारे गए 12 लोगों के शवों की तलाश कर रहे हैं। बचाव कर्मी सोमवार सुबह तक पोटोमैक नदी से मलबा उठाने की तैयारी में हैं। विमान के कुछ बचे हिस्से को ट्रक में भरकर जांच के लिए 'हैंगर' (विमानों को रखने की जगह) ले जाया जाएगा।

इस बीच पीड़ितों के परिजन भी रीगन राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास पोटोमैक नदी के किनारे घटनास्थल पर पहुंचे थे और अपने प्रियजनों को श्रद्धांजलि दी। कई लोग बसों के जरिए उस स्थान पर पहुंचे जहां अमेरिकन एयरलाइंस के विमान और सेना के ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर की टक्कर हुई थी। इस दौरान पुलिस भी लोगों के साथ रही। अधिकारी दुर्घटना के कारणों की जांच कर रहे हैं, जबकि बचाव दल मलबा निकालने में जुटा है। घटना को लेकर परिवहन सचिव सीन डफी ने कई सवाल उठाए। उन्होंने एक कार्यक्रम के दौरान पूछा, ''टावर के अंदर क्या हो रहा था? क्या वहां कर्मचारियों का अभाव था? क्या ब्लैक हॉक के पायलट ने 'नाइट विजन गॉगल्स' पहने हुए थे?

# 'पनामा नहर पर चीन का कब्जा हटाओ, नहीं तो अमेरिका कार्रवाई करेगा', अब अमेरिकी विदेश मंत्री ने दी खुली धमकी

वाशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने पनामा के राष्ट्रपति जोस राउल मुलिनो से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि मध्य अमेरिकी सहयोगी को पनामा नहर क्षेत्र पर चीन के प्रभाव को तुरंत कम करना चाहिए, नहीं तो अमेरिकी प्रशासन कार्रवाई कर सकता है। यह यूएस के विदेश मंत्री के रूप में रुबियो की पहली विदेश यात्रा है। उनका यह दौरा ऐसे वक्त में हो रहा है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पनामा नहर के संचालन का नियंत्रण अमेरिका को वापस देने की मांग सहित पड़ोसी देशों और सहयोगियों पर दबाव बढ़ा दिया है। वहीं पनामा के राष्ट्रपित मुलिनो ने बैठक के बाद कहा कि अमेरिका के विदेश मंत्री रुबियो ने नहर पर फिर से कब्जा करने या बल प्रयोग करने की कोई वास्तविक धमकी नहीं दी।




अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मांग की है कि नहर का नियंत्रण वापस अमेरिका को सौंप दिया जाना चाहिए। रुबियो ने ट्रंप की ओर से मुलिनो से कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह निर्धारित किया है कि नहर क्षेत्र में चीन की उपस्थिति उस संधि का उल्लंघन करती है, जिसके तहत अमेरिका ने 1999 में जलमार्ग को पनामा को सौंपा था। उस संधि में अमेरिकी निर्मित नहर में स्थायी तटस्थता की बात कही गई है। रुबियो की रविवार को बाद में नहर का दौरा करने की योजना है। अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने बैठक की जानकारी देते हुए कहा, 'मंत्री रुबियो ने साफ किया कि यह यथास्थिति अस्वीकार्य है। तत्काल परिवर्तन ना किए जाने की स्थिति में अमेरिका को संधि के तहत अपने अधिकारों की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने होंगे।

# हमास ने गाजा में मानवीय संकट की चेतावनी दी, अंतर्राष्ट्रीय कार्रवाई का किया आग्रह



गाजा (आरएनएस)। हमास ने गाजा पट्टी को आपदा क्षेत्र घोषित किया है और कहा है कि यहां अभूतपूर्व तबाही हो रही है, जिससे 24 लाख से अधिक लोगों के जीवन को खतरा है। इस विनाश से सभी मौजूदा संसाधन खत्म हो चुके हैं।

हमास के मीडिया कार्यालय ने बताया कि गाजा में 61,709 से अधिक लोग मारे गए हैं, जिनमें से 47,487 की अस्पतालों में मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि 14,222 लोग मलबे में लापता हैं। बयान में यह भी कहा गया कि घायलों की संख्या 111,588 तक पहुंच चुकी है। रिपोर्ट के मुताबिक, युद्ध के कारण 20 लाख से अधिक फिलिस्तीनियों को अपने घर छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा है। इनमें से कई को बार-बार भागने की स्थिति का सामना करना पड़ा है।कार्यालय ने बताया कि युद्ध में 450,000 घरों को नुकसान हुआ, जिनमें से 170,000 पूरी तरह से नष्ट हो गए। इस युद्ध ने स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को भी बुरी तरह प्रभावित किया, जिसके कारण 34 अस्पतालों और 80 स्वास्थ्य केंद्रों को बंद करना पड़ा।बयान में बताया गया कि औद्योगिक, वाणिज्यिक, कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा और संचार क्षेत्रों के नुकसान के कारण 50 अरब डॉलर से ज्यादा का आर्थिक नुकसान हुआ है।बयान में चेतावनी दी गई कि गाजा में चल रही इजरायली नाकाबंदी के कारण हालात और खराब हो रहे हैं, जिससे खाने, पानी और दवाइयों की कमी हो गई है और सैकड़ों हजारों लोगों की जान खतरे में है।इसने संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतर्राष्ट्रीय संगठनों से तुरंत मदद भेजने और अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया।कार्यालय ने इजरायल पर अमेरिका के समर्थन से संगठित युद्ध अपराध करने का आरोप भी लगाया और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से जिम्मेदार लोगों को सजा दिलाने की मांग की। 15 महीने के जबरन विस्थापन के बाद, हजारों फिलिस्तीनियों ने गाजा शहर और तटीय क्षेत्र के उत्तरी हिस्सों में अपने घरों की ओर लौटना शुरू कर दिया था।

समझौते के तहत, इजरायल ने विस्थापित लोगों को उत्तरी गाजा पट्टी में अपने घरों पर लौटने की अनुमति दी है।

## आयरलैंड में भीषण सड़क हादसा, पेड़ से टकराई कार; 2 भारतीय छात्रों की हुई मौत

लंदन (ए.)। दक्षिणी आयरलैंड के कार्लो काउंटी में एक कार के पेड़ से टकरा जाने के कारण दो भारतीय छात्रों की मौत हो गई। इस हादसे में दो अन्य छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए हैं जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आयरिश पुलिस ने इस हादसे को लेकर जानकारी दी है। स्थानीय पुलिस और आपातकालीन सेवाओं की ओर से घातक सड़क हादसे के बाद चेरेकुरी सुरेश चौधरी और चिथूरी भार्गव को घटनास्थल पर मृत घोषित कर दिया। आयरलैंड की राजधानी डबलिन स्थित भारतीय दूतावास ने रविवार को सोशल मीडिया पर शोक संदेश जारी किया। दूतावास ने कहा, ''डबलिन स्थित भारतीय दूतावास, काउंटी कार्लो में एक कार दुर्घटना में दो भारतीय नागरिकों श्री चेरेकुरी सुरेश चौधरी और चिथूरी भार्गव की दुखद मृत्यु पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता है।'' इसमें कहा गया है, ''दूतावास की टीम मृतकों के परिवार और मित्रों के संपर्क में है तथा दुर्घटना में घायल हुए दो भारतीय नागरिकों को भी हरसंभव सहायता प्रदान कर रहा है।'' कार्लो गार्डा स्टेशन के अधीक्षक एंथनी फैरेल ने कहा, ''एक काले रंग की ऑडी ए6 कार कार्लो शहर की ओर जा रही थी, जब वह सड़क पार कर ग्राइगुएनास्पिडोज में एक पेड़ से टकरा गई।

## खेल समाचार

# बीसीसी अंडर-19 महिला टीम को पांच करोड़ रुपये इनाम देगा




मुंबई (ए) । भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईसीसी महिला टी-20 विश्वकप विजेता अंडर-19 महिला क्रिकेट टीम को बधाई देते हुए उसे पांच करोड़ रुपये का इनाम देने की घोषणा की है। बीसीसीआई ने टीम जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि उसने टूर्नामेंट में के असाधारण प्रदर्शन किया है। बीसीसीआई ने खिलाड़ियों के साथ ही टीम की मुख्य नूशिन अल खादीर के साथ-साथ उनके सहयोगी स्टाफ को भी सराहा। बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने कहा, अंडर-19 महिला विश्वकप को दूसरी बार जीतने के लिए टीम को हम बधाई देते हैं जिस प्रकार से टीम ने इस टूर्नामेंट में सभी मैच जीते हैं। उससे पता चलत है कि देश में महिला अंडर-19 क्रिकेट तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह ट्रॉफी हम सभी के लिए गर्व का क्षण है और मैं हर सदस्य को आगे बढ़ते हुए देखकर खुशी का अनुभवी रहें हैं। वहीं बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा, लगातार दूसरा विश्वकप जीतना टीम में अनुशासन और दृढ़ता दिखाता है। यह जीत भारत की युवा लड़कियों की अगली पीढ़ी को बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित करेगी।

बीसीसीआई के मानद सचिव देवजीत सैकिया ने कहा, यह जीत टीम के समर्पण, दृढ़ता और कौशल को दिखात है। इससे देश में जमीनी स्तर के क्रिकेट की बढ़ती ताकत का अंदाज होता है। इससे ये भी पता चलता है कि देश में महिला क्रिकेट का उज्ज्वल भविष्य है। भारतीय टीम ने रविवार को दक्षिण अफ्रीका को हराकर दूसरी बार विश्वकप जीता था।

## वनडे के महान खिलाड़ी माइकल बेवन ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट हॉल ऑफ फेम में शामिल

नई दिल्ली, (आरएनएस)। ऑस्ट्रेलिया के महान वनडे बल्लेबाज माइकल बेवन को ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया है। इस प्रतिष्ठित क्लब का हिस्सा बनने के लिए मानदंडों में बदलाव किया गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट हॉल ऑफ फेम समिति और मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) के प्रबंधक मेलबर्न क्रिकेट क्लब द्वारा मानदंडों की समीक्षा की गई, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि संबंधित युगों में उपलब्ध खेल के सभी प्रारूपों को समान रूप से मान्यता दी जाए। ताजा मानदंडों के अनुसार, अब दो श्रेणियों की शुरूआत की गई है, जिसमें उम्मीदवारों को ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट हॉल ऑफ फेम में खिलाड़ी या सामान्य श्रेणी के रूप में शामिल किया जा सकता है।

## बैडमिंटन एशिया मिक्स्ड टीम चैंपियनशिप के लिए 4- 8 फरवरी तक गुवाहाटी में होगा तैयारी शिविर

नई दिल्ली, (आरएनएस)। बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया (बाई) ने सोमवार को कहा कि बैडमिंटन एशिया मिक्स्ड टीम चैंपियनशिप के लिए पांच दिवसीय तैयारी शिविर 4 से 8 फरवरी तक गुवाहाटी के नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में आयोजित किया जाएगा।

बैडमिंटन एशिया मिक्स्ड टीम चैंपियनशिप 11 से 16 फरवरी तक चीन के किंगदाओ में खेली जाएगी। भारतीय टीम 8 फरवरी की रात को चीन के लिए रवाना होगी।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु और पेरिस ओलंपिक सेमीफाइनलिस्ट लक्ष्य सेन 14 सदस्यीय भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगे, जिसने 2023 में पिछले संस्करण में कांस्य पदक जीता था।

सिंधु और सेन के अलावा, टीम में एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी के साथ-साथ ओलंपियन एचएस प्रणय और अन्य खिलाड़ी भी शामिल हैं।

बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के महासचिव संजय मिश्रा ने कहा, एनसीई अपनी स्थापना के बाद से ही आने वाले जूनियर खिलाड़ियों को तैयार करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है और यहां एक सीनियर टीम कैंप की मेजबानी करने से जूनियर खिलाड़ियों को देश के बेहतरीन खिलाड़ियों से सीखने का मौका मिलेगा, साथ ही भारत की शीर्ष प्रतिभाओं को एक साथ प्रशिक्षण देने और इस बड़े टीम इवेंट से पहले टीम बॉन्डिंग का आदर्श माहौल बनाने का मौका मिलेगा।

उन्होंने कहा, तकनीकी कौशल के अलावा, शिविर को टीम के सदस्यों के बीच अनुशासन, टीम वर्क और खेल भावना के मूल्यों को मजबूत करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। खिलाड़ियों को पूर्ण विकास का अनुभव मिलेगा जो उन्हें आगे की चुनौतियों के लिए तैयार करेगा।

सिंधु पिछले साल दिसंबर में अपनी शादी के बाद अंतरराष्ट्रीय सर्किट पर एक नई शुरुआत करना चाहेंगी। वह गुवाहाटी में अत्याधुनिक एनसीई सेंटर में टीम के साथ प्रशिक्षण लेंगी।

सात्विक और चिराग भी टीम के सामंजस्य को बढ़ावा देने के लिए एक नए वातावरण में प्रशिक्षण का लाभ उठाने का लक्ष्य रखेंगे। सभी सदस्यों के बीच जुड़ाव, रणनीति बनाना और एक मजबूत टीम गतिशीलता बनाना आगामी टीम स्पर्धाओं में उनकी सफलता की कुंजी होगी।

## एसए 20 : एमआई केप टाउन ने प्रिटोरिया कैपिटल्स को हराकर मजबूत की अपनी स्थिति

केप टाउन,(ए) । एमआई केप टाउन ने प्रिटोरिया कैपिटल्स को बड़े अंतर से हराकर एसए20 सीजन 3 में टेबल-टॉपर्स के रूप में अपनी स्थिति मजबूत की। इस शानदार जीत के साथ उन्होंने न्यूलैंड्स में एक बेहतरीन रिकॉर्ड भी बनाया।

रॉबिन पीटरसन की टीम पार्ल रॉयल्स के नक्शेकदम पर चलते हुए दूसरी ऐसी टीम बन गई है, जिसने पांच जीत के साथ अपने घरेलू मैदान पर अजेय रिकॉर्ड बरकरार रखा है।

एमआई केप टाउन ने 35 अंकों के साथ लीग चरण समाप्त किया, जो कि एक रिकॉर्ड अंक है। यह 95 रन से कैपिटल्स पर उनकी बड़ी जीत के कारण संभव हुआ।

घरेलू टीम ने अपने लाइन-अप में छह बदलाव करने के बावजूद शुरुआत से ही मैच पर पूरी तरह से दबदबा बनाए रखा।

सेदिकुल्लाह अटल और कॉनर एस्टरहुइजन की नई सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 133 रनों की शानदार साझेदारी की। बाएं हाथ के सेदिकुल्लाह ने 46 गेंदों में 77 रन बनाकर न्यूलैंड्स की भीड़ का भरपूर मनोरंजन किया, जबकि एस्टरहुइजन ने 43 गेंदों में 69 रन बनाए।

डेलानो पोटगिएटर ने 15 गेंदों में 26 रन बनाकर अतिरिक्त रन जोड़ते हुए एमआई को 201/5 के स्कोर पर पहुंचा दिया, जो इस सीजन में न्यूलैंड्स का सबसे बड़ा स्कोर है।एमआई केप टाउन की गेंदबाजी ने जबरदस्त प्रदर्शन किया। खासकर ऑफ स्पिनर डेन पीड्ट ने। उन्होंने कैपिटल के सलामी बल्लेबाज विल जैक को पहली ही गेंद पर विकेट के पीछे कैच करा दिया।अपने शहर की टीम के लिए बेटवे एसए20 में पदार्पण कर रहे पीड्ट ने खुशी में रेलवे स्टैंड की ओर दौड़ते हुए जश्न मनाया।

अनुभवी ऑफ स्पिनर शानदार फॉर्म में थे और उन्होंने 3/28 के शानदार आंकड़े के साथ दो और विकेट लिए, जिसके कारण उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला।पीड्ट ने कहा, यह अद्भुत रहा है। मैं यहीं बड़ा हुआ हूं, अपनी पत्नी, बेटे और माता-पिता के सामने खेला। मैं लोगों को प्रेरित रखने की कोशिश करता हूं, अच्छी ऊर्जा पैदा करने और उन्हें खुद को अभिव्यक्त करने के लिए प्रेरित करता हूं। मैं इसे दूर से देख रहा हूं, लेकिन यह सच में अद्भुत था। हम यही चाह रहे थे।

# क्रिकेट को अन्य सब बातों से ज्यादा महत्व देते हैं पंड्या




पुणे (ए)। भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने कहा है कि क्रिकेट उनके लिए जीवन जीने का एक तरीका है और वह शेष सभी चीजों से अधिक महत्व इसे देते हैं। पंड्याअपनी आक्रामक बल्लेबाजी के साथ ही तेज गेंदबाजी के कारण टीम के लिए अहम भूमिका निभाते हैं। वह दोनो में ही कुशल है पर जब बात पसंद की आती है तो पंड्या को बल्लेबाजी अधिक अच्छी लगती है क्योंकि इससे वह बड़ा स्कोर बनाकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाते हैं। पंड्या ने इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टी20 मैच में अच्छा प्रदर्शन करते हुए 53 रन बनाये थे। जिससे भारतीय टीम ये मैच जीतकर सीरीज में अपने नाम करने में सफल रही थी।

एक वीडियो में पंड्या ने कहा कि बल्लेबाजी मेरी पहली पसंद है या मेरे दिल के अधिक करीब है। इसमें योगदान देने से मुझे हमेशा अच्छी नींद आती है। पंड्या ने पिछले साल वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप में अपनी गेंदबाजी से बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

पंड्या ने कहा कि मैं इस खेल को बहुत ज्यादा पसंद करता हूं। यह मेरा जीवन रहा है, यह मेरी प्राथमिकता रही है, यह मेरा पहला प्यार रहा है। खेल ज्यादा इंतजार नहीं कराता है, इसमें आपको मेहनत का फल एकदम मिलता है। पंड्या ने कहा कि खेल ने मुझे सबकुछ दिया है जिससेमुझे हमेशा ऐसा लगता है कि मुझे खेल के प्रति बहुत ईमानदार और बहुत वफादार बनना होगा।

इस खिलाड़ी ने कहा कि उनके प्रशंसक उनकी सबसे बड़ी संपत्ति है और वह उन्हें यथासंभव खुशी देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा ऐसा व्यक्ति रहा हूं जो प्रशंसकों के लिए खेलता है। प्रशंसकों की मौजूदगी और उनके नारे से इससे मुझे अतिरिक्त प्रेरणा मिलती है। मैं वास्तव में उनके लिए अच्छा प्रदर्शन करना चाहता हूं। पंड्या के लिए अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेले गए टी20 विश्व कप जीतना किसी सपने के सच होने जैसा था।

## आईसीसी की टीम ऑफ टूर्नामेंट में तृषा, कमलिनी, वैष्णवी और आयुषी को मिली एंट्री

नई दिल्ली,(आरएनएस)। अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप 2025 पर भारतीय टीम ने कब्जा किया है। टी-20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम की सदस्य गोंगाडी त्रिशा, जी कमलिनी, आयुषी शुक्ला और वैष्णवी शर्मा को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा घोषित टूर्नामेंट की टीम में शामिल किया गया है।

इन चार भारतीय खिलाड़ियों को दक्षिण अफ्रीका की कप्तान कायला रेनेके की कप्तानी वाली टीम में जगह मिली है, जो रविवार को ब्यूमास ओवल में हुए फाइनल में उपविजेता रही थी। जेम्मा बोथा टूर्नामेंट की टीम में जगह बनाने वाली एक और दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी हैं, जबकि तेज गेंदबाज नथाबिसेंग निनी को 12वें खिलाड़ी के रूप में चुना गया है।

त्रिशा ने 309 रन बनाए, जिससे वह प्रतियोगिता में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी बन गई हैं। जिसमें स्कॉटलैंड के खिलाफ शतक भी शामिल है। त्रिशा को फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया था। उन्होंने अपनी लेग-स्पिन से 15 रन देकर 3 विकेट लिए, और फिर नाबाद 44 रन बनाए, जिससे भारत ने नौ विकेट से जीत दर्ज करके अपना अंडर-19 विश्व कप खिताब बरकरार रखा। 2023 में भारत ने टी-20 विश्व कप जीता था। टीम में त्रिशा शामिल थी। 2025 के इस टूर्नामेंट में उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार भी जीता। उनकी साथी ओपनर विकेटकीपर कमलिनी ने टूर्नामेंट में 143 रन बनाए और भारत के लिए शीर्ष क्रम पर मजबूत शुरुआत दी। बाएं हाथ की स्पिनर वैष्णवी ने 17 विकेट लिए, जो प्रतियोगिता में किसी भी खिलाड़ी द्वारा लिए गए सबसे ज्यादा विकेट हैं। जिसमें एक हैट्रिक भी शामिल है।

# द चैम्प्स फन स्कूल में बसंत पंचमी पर भव्य विद्यारंभ संस्कार संपन्न

नर्मदापुरम ( निप्र)। बसंत पंचमी के पावन अवसर पर द चैम्प्स फन स्कूल में विद्यारंभ संस्कार का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर छोटे बच्चों को शिक्षा के प्रथम पायदान पर ले जाने के लिए पारंपरिक रीतिग्रिवाजों के साथ यह संस्कार संपन्न हुआ। कार्यक्रम में आचार्य पं सोमेश परसाई जी के सानिध्य में विधिपूर्वक पूजा अर्चना और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ बच्चों का विद्यारंभ संस्कार कराया गया।



### माँ सरस्वती पूजन से हुआ शुभारंभ

कार्यक्रम की शुरुआत पं पंकज पाठक और उनके सहयोगियों द्वारा माँ सरस्वती के पूजन से हुई। पूरे वातावरण में वैदिक मंत्रों की दिव्य ध्वनि गूंज उठी। बच्चों और अभिभावकों ने श्रद्धा भाव से पूजन किया और माँ सरस्वती से विद्याए बुद्धि और ज्ञान की प्रार्थना की।

### आचार्य पं सोमेश परसाई का प्रेरणादायक संबोधन

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता आचार्य पंडित सोमेश परसाई ने अपने बौद्धिक सत्र में शिक्षा और संस्कारों के महत्व पर गहन प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि द चैम्प्स फन स्कूल तथा स्प्रिंगडेल्स स्कूल केवल शैक्षणिक शिक्षा नहीं देतेए बल्कि बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए संस्कार कक्षाएं भी चला रहे हैं। उन्होंने स्कूल प्रबंधन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों को न केवल शिक्षा मिलती हैए बल्कि वे भारतीय संस्कृति और परंपराओं से भी जुड़ते हैं।

### माँ सरस्वती की महिमा और कुंभकरण की कथा

अपने प्रवचन में आचार्य पं सोमेश परसाई जी ने माँ सरस्वती के महत्व को बताते हुए पौराणिक कथा का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि जब रावण के भाई कुंभकरण ने अत्यंत शक्तिशाली अमरत्व के वरदान प्राप्त करने के उद्देश्य से तप कियाए तब देवताओं को भय हुआ कि यदि कुंभकरण को अमरत्व का वरदान मिल गयाए तो वह संपूर्ण सृष्टि के लिए संकट बन जाएगा। इस स्थिति को टालने के लिए देवताओं के आह्वान पर माँ सरस्वती कुंभकरण की जिह्वा पर विराजमान हो गईं और उसकी वाणी को इस प्रकार मोड़ दिया कि वह मनचाहे वरदान के स्थान पर ष्निद्रासनष् मांग बैठा। इस कारण उसे यह वरदान मिला कि वह छह महीने सोएगा और छह महीने जागेगा। इस कथा के माध्यम से उन्होंने माँ सरस्वती के बुद्धिए वाणी और विद्या में अद्वितीय स्थान को रेखांकित किया।

### विद्यारंभ संस्कार बना यादगार अनुभव

सरस्वती पूजन के पश्चात विद्यारंभ संस्कार विधिपूर्वक संपन्न हुआ। बच्चों को अक्षर लेखन का पहला अनुभव दिलाने के लिए पारंपरिक रीति से स्लेट पर मंत्र लिखवा गए। संस्कार की इस पावन बेला में उपस्थित सभी जनों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की।संचालन और विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति इस भव्य आयोजन का संचालन श्रीमती आरती मालवीय और श्रीमती नेहा राठौर ने किया। मंच संचालन श्रीमति रीना मालवीय ने किया। उन्होंने पूरे कार्यक्रम को सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया और सभी उपस्थितजनों को विद्यारंभ संस्कार के महत्व से अवगत कराया।

### स्कूल प्रबंधन की अहम भूमिका

इस अवसर पर स्कूल की डायरेक्टर श्रीमती जूही चटर्जी ने कार्यक्रम में आए सभी अभिभावकों, बच्चों और विशेष अतिथियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्ति का साधन नहीं बल्कि नैतिक मूल्यों और संस्कारों का विकास भी आवश्यक है, और द चैम्प्स फन स्कूल तथा स्प्रिंगडेल्स स्कूल इस दिशा में निरंतर कार्य कर रहे हैं।

### प्रमुख अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति

इस महत्वपूर्ण अवसर पर स्कूल प्राचार्य डॉ आशीष चटर्जी ने भी सरस्वती पूजन किया और विद्यारंभ संस्कार की विधियों में भाग लिया और बच्चों को आशीर्वाद दिया। इसके साथ ही स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्राचार्य श्रीमती मोना चटर्जी डायरेक्टर सुभाशीष चटर्जी विशिष्ट अतिथि पी के. चटर्जी श्रीमती प्रणोति चटर्जी अरुण कुमार गोस्वामी श्रीमति रंजना चटर्जी श्रीमति दीपाली गोस्वामी प्रकाश हरने की उपस्थिति ने इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

### अभिभावकों ने व्यक्त की खुशी

अभिभावकों ने इस संस्कार में भाग लेकर हर्ष जताया और द चैम्प्स फन स्कूल के प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों को शिक्षा और संस्कारों के प्रति जागरूक करने में सहायक होते हैं।

### संस्कार और शिक्षा का संगम

इस आयोजन ने साबित किया कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं हैए बल्कि संस्कारों और संस्कृति का भी इसमें महत्वपूर्ण स्थान है। इस पावन अवसर पर बच्चों को न केवल शिक्षा का पहला अनुभव प्राप्त हुआए बल्कि भारतीय संस्कृति और परंपरा से भी उनका साक्षात्कार हुआ। नर्मदापुरम के द चैम्प्स फन स्कूल में हुआ यह विद्यारंभ संस्कार न केवल बच्चों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ बल्कि अभिभावकों के लिए भी यह एक प्रेरणादायक अनुभव रहा।

## मां नर्मदा जी के प्रकटोत्सव दिवस पर विशेष

### भजन



हर हर नर्मदे, हर हर नर्मदे
नमामि देवी नर्मदे, नमामि मातु नर्मदे,
मातु नर्मदे नमामि नर्मदे,
नर्मदे मां नर्मदे,
हर हर नर्मदे मां नर्मदे,
जयति जय नर्मदा मां नर्मदा
हम करें वंदना सर्वदा ।।
कल कल करतीए अविरल बहती
निर्मल रहती मां नर्मदा
हम करें वंदना सर्वदा ।। मां नर्मदा..
हर तट पर है सुखद नजारा।
घट घट में है वास तुम्हारा।
पल प्रति पल हैं सर्वदा।
मां नर्मदा।
हम करें वंदना सर्वदा। मां नर्मदा।
सुख दायक हो वरदायक हो
वरदानी मां नर्मदा। मां नर्मदा।
उत्तर तट पर दक्षिण तट पर
घाट घाट पर पूजित हैं मां नर्मदा।
मां नर्मदा, मां नर्मदा।
हम करें वंदना सर्वदा मां नर्मदा।।
स्नान करें और ध्यान करें।
मान करें सम्मान करें
पूजें देवी नर्मदा।
मां नर्मदा मां नर्मदा।
हम करें वंदना सर्वदा
मां नर्मदा। मां नर्मदा।।
हम दर्श करें और दान करें
पाप घटें और पुण्य बढ़ें
सुख देती मां नर्मदा। मां नर्मदा।
हम करें वंदना सर्वदा मां नर्मदा।।

बलराम शर्मा

# ब्राह्मणों की नृशंस हत्या के खिलाफ ब्राम्हण समुदाय में आक्रोश, ज्ञापन सौंपा

नर्मदापुरम (निप्र)। अखंड ब्राह्मण सेवा समिति भारत वर्ष की जिला इकाई, नर्मदापुरम द्वारा जिलाधीश कार्यालय के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम जिलाधीश कार्यालय नर्मदापुरम में ज्ञापन दिया गया।जिसमें विगत 27 जनवरी को मध्यप्रदेश के जबलपुर जिले के टिमरी में धारदार हथियारों से चार ब्राह्मणों की नृशंस हत्या कर दी गई और दो व्यक्ति घायल हो गए। अखंड ब्राह्मण सेवा समिति सहित सभी ब्राह्मणों के मन में इस हृदय विदारक घटना से भय व्याप्त है। इस घटना की घोर निंदा करते हुए अखंड ब्राह्मण सेवा समिति ने यह मांग की है कि इस घटना में लिप्त सभी अपराधियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाए और समस्त ब्राह्मण समाज की सुरक्षा और संरक्षण हो।अखंड ब्राह्मण सेवा समिति एभारत वर्ष जिला नर्मदापुरम यह मांग भी करती है अपराधियों की संपत्ति राजसात की जावे उनके घरों पर बुलडोजर चलाया जाए।प्रत्येक मृतक परिवार को50,00,000;पचास लाख रुपए और घायलों को 25,00,000;पच्चीस लाख रुपएद्धकी आर्थिक सहायता तत्काल उपलब्ध की जाए।तथा आश्रितों को सरकारी नौकरी की व्यवस्था भी की जावे। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष आचार्य पंडित नीरजेश त्रिपाठी जिलाध्यक्ष पंडित संतोष मिश्रा पंडित दिनेश तिवारी पंडित संजय मिश्रा आचार्य पंडित अविनाश मिश्रा पंडित मोंटू तिवारी आदि ब्राह्मण जन उपस्थित थे।

# मंगलाचरण से हुआ नर्मदा प्रकटोत्सव का शुभारंभ



नर्मदापुरम ( निप्र)। नर्मदा प्रकटोत्सव महोत्सव की औपचारिक शुरुआत आज प्रात: 9:00 बजे सेठानी घाट पर मंगलाचरण से हुई। मंगलाचरण के कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया, सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नीतू महेंद्र यादव, पूर्व विधायक गिरिजा शंकर शर्मा, सिटी मजिस्ट्रेट बृजेंद्र रावत, संयुक्त कलेक्टर अनिल जैन ने सेठानी घाट पर विधिवत पूजा अर्चना कर, जल एवं दूध अर्पित कर मंगलाचरण कर औपचारिक रूप से नर्मदा प्रकटोत्सव का शुभारंभ किया।सेठानी घाट में प्रात: 9:30 बजे से तिलक भवन में कॉलेज एवं स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा सहभागिता निभाई गई ।सभी ने रंगोली चित्रकला एवं मेहंदी प्रतियोगिता में भाग लिया। सायं 7:00 बजे मां नर्मदा जी की महाआरती की जाएगी एवं रात्रि 8:00 बजे से सेठानी घाट पर ही सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसके अंतर्गत मुंबई की इशिता विश्वकर्मा द्वारा भक्ति गायन किया जाएगा । 4 फरवरी को मां नर्मदा प्रकटोत्सव का भव्य आयोजन होगा। प्रात: 10:30 बजे जन्मोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत प्राचीन श्री नर्मदा मंदिर एवं नित्य आरती समिति द्वारा जन्म उत्सव के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। दोपहर 3:30 बजे श्री नर्मदा मंदिर मोरछली चौक से सेठानी घाट तक भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी तथा सायं 5:30 बजे महा अभिषेक का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

## सुर वाणी संस्था मे बसंत पंचमी पर माँ सरस्वती प्रकटोत्सव मनाया

नर्मदापुरम ( निप्र)। स्थानीय सुर वाणी संगीत संस्था एवं वीणा पाणी संस्था द्वारा बसंत पंचमी पर माँ सरस्वती जन्मोत्सव मनाया गया । संस्था के संचालक पंग्रामसेवक शर्माएअतिथि महिला वाल विकास अधिकारी ललित डेहरिया पंग्राम परसाई एवं आनंद नामदेव ने माँ सरस्वती की पूजन कर आरती की । संस्था के बिद्यार्थियों द्वारा गायन एवं वादन् की प्रस्तुतियाँ दी गई । आदित्य परसाई एवं आशा राजपूत ने वंदना प्रस्तुत की तबला पर संगत अनन्द नामदेव विपुल दुबे विशाल सगर ने की । सुर वाणी तबला क्लास के गुरु पं.रामसेवक शर्मा के निर्देशन में मास्टर प्रकुल सोलंकी एवं घनश्याम चौधरी ने युगल तबला वादन तथा बिद्यार्थी मास्टर अन्वय आरव अनाया सौर्य अंश देवओम तिवारी, मास्टर तोमर एवं सैनी ने समूह तबला वादन किया। कार्यक्रम में राजाराम चौधरी अमित परसाई अथर्व दुबे सहित अनेक संगीत कला साधक उपस्थित थे।

## कमिश्नर कार्यालय में हुआ वंदे मातरम का गायन

नर्मदापुरम ( निप्र)। शासन के निर्देश अनुसार माह के प्रथम दिवस वंदे मातरम का गायन सभी शासकीय कार्यालय में आयोजित किया जाता है। फरवरी माह में एक एवं 2 फरवरी को सार्वजनिक अवकाश के चलते 3 फरवरी को कमिश्नर कार्यालय में वंदे मातरम का गायन किया गया। इस अवसर पर संयुक्त आयुक्त विकास जीसी दोहर एवं कमिश्नर कार्यालय एवं कमिश्नर कार्यालय परिसर में स्थापित सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने वंदे मातरम कार्यक्रम में शामिल होकर वंदे मातरम का गायन किया।

## जिलों में कानून व्यवस्था की स्थिति बेहतर रख राजस्व प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करें : मुख्य सचिव अनुराग जैन



नर्मदापुरम (निप्र)। प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी संभाग के कमिश्नर एवं सभी जिलों के कलेक्टर को निर्देश दिए कि वह अपने अपने जिलों में कानूनी व्यवस्था की स्थिति बेहतर रखें एवं राजस्व प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करें।मुख्य सचिव ने कहा कि विशेष तौर पर नामांकन सीमांकन बटवारा की प्रकरण का निराकरण करते समय 70 वर्ष पुराने रिकॉर्ड पर ना जाकर तथ्यात्मक साक्ष्य को देखकर कार्य करें। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए की जिलों में अवैध शराब बिक्री की लगातार शिकायतें प्राप्त होती हैं सभी कलेक्टर्स अपने जिले में अवैध शराब बिक्री पर प्रभावशील कार्रवाई करना सुनिश्चित करें, साथ ही अवैध खनिज उत्खनन परिवहन एवं भंडारण पर भी राजस्व विभाग पुलिस विभाग एवं खनिज विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से प्रभावशाली कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि ऐसे वाहनों पर भी कार्रवाई की जाए जिनमे हुटर लगे हैं। मुख्य सचिव ने कहा कि साइबर फ्रॉड पर भी लोगों को जागरूक किया जाए। उन्होंने प्राइवेट निर्माताओं द्वारा खाद को तय दर से ज्यादा कीमत पर बेचने पर तत्काल संज्ञान लेते हुए कार्रवाई करने के निर्देश दिए और कहां की कई जगह नकली कीटनाशक एवं खाद की बिक्री भी की जा रही है उस पर भी पुलिस एवं कृषि विभाग प्रभावशाली कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। मुख्य सचिव ने ई ऑफिस सिस्टम के संबंध में निर्देश देते हुए कहा कि मार्च तक ई ऑफिस सिस्टम मूर्त रूप ले लेगा ।

# समेरिटंस में भव्य सरस्वती पूजा का आयोजन

## 11 सौ बच्चों ने एक साथ की विद्या की देवी की आराधना



नर्मदापुरम (निप्र) । समेरिटंस विद्यालय सांदीपनी परिसर मालाखेड़ी में वसंत पंचमी के अवसर पर सोमवार को मां सरस्वती की पूजा का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राथमिक विभाग के 11सौ से अधिक बच्चों ने एक साथ विद्या की देवी मां सरस्वती की आराधना की।

सरस्वती की पूजा आयोजन में बच्चों के साथ अभिभावकों को भी जोड़ने के उद्देश्य से पूजन सामग्री घर से बुलाई गई थी। बच्चे अपने साथ फूल, रोली, अक्षत, अगरबत्ती, घंटी और बैठने के लिए आसान लेकर आए थे। सुबह की प्राथना सभा के बाद 9 बजे विद्वान विप्रो के मार्गदर्शन में पूजा प्रारंभ हुई। पूजा में डायरेक्टर डा आशुतोष शर्मा, प्राचार्य श्रीमती प्रेरणा रावत सहित अन्य प्रभारी ओर शिक्षक उपस्थित रहे।

### आलौकिक दृश्य

जब विद्यालय परिसर के सरस्वती मंदिर के सामने मैदान में एक हजार से अधिक बच्चे परम्परागत परिधान में पूजा करने बैठे तो आलौकिक दृश्य उपस्थित हो गया। शंख और झालरों की ध्वनि से वातावरण गूंज गया। अंत में पीला प्रसाद वितरित किया गया।




स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 ( नर्मदापुरम मो. 9926434695 ) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com